जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 34 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 20 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल विधानसभा में सरकार के कामकाज का रखेंगे रिपोर्ट कार्ड

जयपुर टाइम्स



जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल 21 फरवरी को राजस्थान विधानसभा में सरकार के पिछले 2 साल के कामकाज के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री शर्मा कल अपने भाषण में पिछले 2 साल में सरकार की ओर से पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, उद्योग, रोजगार, महिला सुरक्षा, पुलिसिंग कानून व्यवस्था इत्यादि क्षेत्रों में किए गए कार्यों नवीन प्रयोग और नवाचारों के बारे में जानकारी देंगे तथा पिछले दो साल में सरकार की ओर से जो जनकल्याणकारी योजनाएं संपादित की गई है । उनके बारे में विस्तार से बताएंगे इसके अलावा आने वाले दिनों में सरकार की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी देंगे।जानकारी के अनुसार कल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से प्रस्तुत किए जाने वाले भाषण पर विपक्ष बेताबी से इंतजार कर रहा है हालांकि राजस्थान विधानसभा के चालू बजट सत्र में विपक्ष की ओर से विभिन्न मुद्दों को लेकर कई बार हंगामा और शोरगुल की स्थिति पैदा की गई। सरकार के सभी मंत्रियों ने सदस्यों के सवालों का सार्थक जवाब देने का प्रयास किया अब कल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विधानसभा में पिछले 2 साल में सरकार की ओर से जो कार्य किए गए हैं और जो जो बड़े-बड़े फैसले लिए उनके बारे में बताएंगे जानकार लोगों का कहना है कि कल का मुख्यमंत्री का भाषण विपक्ष को जबाब देगें। क्योंकि मुख्यमंत्री शर्मा अपने भाषण में पिछली गहलोत सरकार की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों और अपनी सरकार की ओर से पिछले 2 साल में किए गए कार्यों का तथ्यों के आधार पर तुलना करके विपक्ष के सदस्यों की देगें। क्योंकि मुख्यमंत्री शर्मा पहले भी कई बार कह चुके हैं कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में जो कार्य किए हैं इतने कार्य पिछली गहलोत सरकार ने पूरे 5 साल में भी नहीं किया इसलिए कल मुख्यमंत्री शर्मा पानी बिजली सड़क उद्योग सौर ऊर्जा चिकित्सा महिला सुरक्षा पुलिसिंग उद्योग इत्यादि सभी सेक्टर में बाकायदा तथ्यों के साथ अपना भाषण प्रस्तुत करेंगे जिसमें वे यह बताने का प्रयास करेंगे की हमारी सरकार ने 2 साल में जो कार्य किया उतना कार्य पिछले कांग्रेस पार्टी की सरकार ने पूरे 5 साल में नहीं किया। इसके अलावा कल के भाषण में मुख्यमंत्री शर्मा अब तक अपनी सरकार के शासनकाल में प्रस्तुत किए गए सभी बजट की घोषणाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी तथ्यात्मक तरीके से आंकड़े प्रस्तुत करके यह बताने का प्रयास करेंगे कि हम सिर्फ बजट ही प्रस्तुत नहीं के क्रियान्वयन के बारे में भी तथ्यात्मक तरीके से आंकड़े प्रस्तुत करके यह बताने का प्रयास करेंगे कि हम सिर्फ बजट में घोषणाएं ही प्रस्तुत नहीं करते बल्कि घोषणा का क्रियान्वयन भी करवाते हैं इसके अलावा कल के भाषण में भाजपा के संकल्प पत्र के वादों के क्रियान्वयन के बारे में भी मुख्यमंत्री शर्मा विस्तार से जानकारी देंगे और यह बताएंगे कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने लोगों से जो वादे किए थे उन वादों में अधिकांश वादे पूरे कर दिए गए हैं इस तरह से अपनी सरकार की उपलब्धियां का विस्तार से प्रस्तुतीकरण करके मुख्यमंत्री शर्मा विपक्ष के सदस्यों को बैक फुट पर करने का प्रयास करेंगे।

## भजनलाल शर्मा ने पीएम मोदी मोदी की सभा को लेकर पुलिस और प्रशासन को किया अलर्ट

### अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

जयपुर टाइम्स



जयपुर(कासं.)। आगामी 28 फरवरी को अजमेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयोजित होने वाली जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए और इस सभा के शांतिपूर्वक आयोजन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अलर्ट मोड पर आ गए हैं ।मुख्यमंत्री शर्मा ने गुरुवार को पुलिस और प्रशासन से जुड़े सभी बड़े अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की बैठक में मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित पुलिस और प्रशासन से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद रहे । बैठक में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग इत्यादि सभी व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के साथ गंभीरता से संवाद किया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभा में नरेंद्र मोदी और अन्य मेहमानों के लिए बनाए जा रहे मंच को लेकर भी अधिकारियों के साथ बातचीत की अधिकारियों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारियों से कहा है की सभा की व्यवस्थाएं इस तरह से सुनिश्चित की जाए जिसकी वजह से आमजन को सभा वाले दिन ज्यादा परेशानी का सामना करना नहीं पड़े और ना ही ट्रैफिक व्यवस्था बाधित हो इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मूवमेंट वाले रूट पर सुरक्षा के प्रबंध मजबूत करने के विशेष निर्देश मुख्यमंत्री की ओर से पुलिस को दिए गए हैं । सभा के दौरान किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं ।जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस सभा को लेकर काफी उत्साहित हैं क्योंकि यह सभा ऐसे समय में आयोजित होने वाली है जब कुछ ही दिनों के बाद में प्रदेश में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव आयोजित होने वाले हैं और इस सभा में मोदी प्रदेश की जनता को 23500 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात देने वाले हैं। इसके अलावा 21000 युवाओं को सरकारी नौकरी नियुक्ति पत्र भी देंगे इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से दी जाने वाली यह सौगात कहीं ना कहीं प्रदेश के लोगों के दिलों में भजनलाल सरकार और भाजपा के प्रति भरोसा और विश्वास और मजबूत करने में सहायक साबित होगी। जानकारी के अनुसार पीएम नरेंद्र मोदी की इस सभा में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की बात कही जा रही है। जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा ,नागौर, सीकर, जालौर, सिरोही ,पाली ,टोंक, दोसा, चित्तौड़गढ़ इत्यादि जिलों से बड़ी संख्या में लोगों के सभा में आने की बात कही जा रही है इसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने जिला अध्यक्षों को भी सभा में ज्यादा से ज्यादा लोग लाने का टास्क दिया गया है इसके अलावा जनप्रतिनिधियों विधायकों और सांसदों को भी सभा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर आने के निर्देश दिए गए हैं ।

## विधायक सिफारिश नहीं करें तो मैं पीएचसी, सीएचसी में एक भी पद रिक्त नहीं छोड़ूंगा : गजेंद्र सिंह खींवसर

जयपुर टाइम्स



जयपुर(कासं.) प्रदेश की चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में जोर देकर कहा कि अगर विधायक सिफारिश नहीं करें तो वे प्रदेश भर के सभी वे प्रदेश भर के छोटे-बड़े सभी चिकित्सा संस्थानों में एक भी पद रिक्त नहीं छोड़ेंगे ।उन्होंने कहा कि बहुत से चिकित्सा केंद्रो में अतिरिक्त कर्मचारी नियुक्त हैं। उन्हें सब जानकारी है इसलिए वे ऐसी व्यवस्था करेंगे जिसमें प्रदेश में किसी भी छोटे-बड़े चिकित्सा संस्थान में पदों की कमी नहीं रहेगी। लेकिन इसके लिए जरूरी यह भी है कि कोई भी विधायक किसी की सिफारिश ना करें राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को आमेर विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के विधायक प्रशांत शर्मा ने कहा कि पिछली सरकार की ओर से अचरोल में सैटेलाइट अस्पताल खोलने की घोषणा भी की थी और जमीन भी आवंटित हो चुकी थी लेकिन इस पर काम आगे नहीं बढ़ पाया। प्रशांत शर्मा ने चिकित्सा मंत्री से पूछा कि क्या सरकार अचरोल में सेटेलाइट अस्पताल खोलना चाहती है जिसके जवाब में चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि अचरोल में जिस बिल्डिंग में सैटेलाइट अस्पताल खोलने की बात थी वह हेरिटेज के दायरे में आती थी इसलिए वहां फिलहाल सेटेलाइट हॉस्पिटल की स्थापना करना मुनासिब नहीं था। आमेर में सैटेलाइट अस्पताल है और वहां पर सोनोग्राफी और अन्य जांच के लिए आवश्यक मशीन भी बहुत जल्दी उपलब्ध करा दी जाएगी। जिस पर टीकाराम जूली खड़े हो गए और अपनी ओर से कुछ कहने लगे तभी चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह अपनी सीट पर खड़े हुए और कहने लगे कि आप हर प्रश्न पर खड़े हो जाते हो दूसरे को बोलने का मौका नहीं देते इसीलिए आपके खेमे में दूसरों के बोलने का समय नहीं बचता जिस पर जूली ने कहा कि आज उनका खड़े होने का कोई इरादा नहीं था लेकिन मजबूरी में वह अपनी बात कहने के लिए खड़े हुए हैं क्योंकि माननीय विधायक ने जो सवाल पूछा था उस सवाल का जवाब नहीं मिला जूली ने कहा कि माननीय विधायक ने सिर्फ यह पूछा था कि अचरोल में सेटेलाइट अस्पताल खोलने का सरकार का विचार है या नहीं जिस पर आपने कुछ नहीं कहा इसलिए मुझे बोलने के लिए खड़ा होना पड़ा ।

## नीति भी स्पष्ट, नीयत भी साफ- परिणाम देता राजस्थान : कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

### सरकार का संकल्प - उत्पादन, निर्यात, निवेश और रोजगार,घोषणाओं से आगे, ग्राउंड ब्रेकिंग तक पहुँचा विकास

जयपुर टाइम्स



जयपुर(कासं.) राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को उद्योग, निवेश, खेल और युवा सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा के दौरान उद्योग एवं युवा मामलों के मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि वर्तमान सरकार की कार्यशैली का मूल मंत्र 'नीति और नीयत' है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सरकार केवल कागज़ पर नीति बनाने में विश्वास नहीं रखती, बल्कि उसे धरातल पर लागू कर परिणाम देने में विश्वास करती है। सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है - उत्पादन, निर्यात, निवेश और रोजगार। राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आदरणीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ने दो वर्षों में विकास की दिशा को घोषणाओं से निकालकर वास्तविक क्रियान्वयन तक पहुँचाया है। उन्होंने कहा कि पहली बार राज्य में औद्योगिक नीतियों को व्यापक और संरचित रूप दिया गया है। एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ा गया, वन जिला वन प्रोजेक्ट के जरिए प्रत्येक जिले की विशिष्ट पहचान को रोजगार से जोड़ा गया, डायरेक्ट लैंड अलॉटमेंट पॉलिसी से पारदर्शिता स्थापित हुई, डाटा सेंटर पॉलिसी से भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था को आधार मिला और लॉजिस्टिक्स पॉलिसी से उद्योगों को लागत में राहत मिली। यह केवल नीतियाँ नहीं हैं, बल्कि एक समग्र औद्योगिक ढाँचा है, जिसने राजस्थान को निवेश के लिए तैयार किया है। राजस्थान आज देश के सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक नेटवर्क के केंद्र में है। दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के पाँच प्रमुख नोड, जामनगर अमृतसर इकोनामिक कॉरिडोर का 640 किलोमीटर हिस्सा, दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे का 370 किलोमिटर भाग और वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्राइड कॉरिडोर का लगभग 500 किलोमीटर का हिस्सा राज्य को लॉजिस्टिक्स और उत्पादन का केंद्र बना रहा है। लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये की लागत वाली यह अवसंरचना केवल सड़क और रेल नहीं, बल्कि भविष्य की औद्योगिक रीढ़ है। कर्नल राठौड़ ने आर आई पी एस 2024 का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछली सरकार ने आर आई पी एस 2022 की घोषणा तो की, लेकिन दिशानिर्देश तक जारी नहीं किए। उद्योगपति पूछते रहे 'करें तो कैसे?' वर्तमान सरकार ने आर आई पी एस 2024 लागू करते समय न केवल नीति बनाई, बल्कि उसी समय स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए। परिणामस्वरूप, जहाँ पिछली सरकार के अंतिम दो वर्षों में 487 करोड़ रुपएका अनुदान वितरित हुआ था, वहीं वर्तमान सरकार ने दो वर्षों में 1600 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान वितरित किया है। यह अंतर केवल राशि का नहीं, दृष्टिकोण का है। एमएसएमई पॉलिसी 2024 के अंतर्गत छोटे और मध्यम उद्योगों को 6 प्रतिशत ब्याज अनुदान और अतिरिक्त 2 प्रतिशत सहायता प्रदान की जा रही है। इससे उद्योगों की लागत कम हुई और उत्पादन क्षमता बढ़ी।

### राहुल गांधी और कांग्रेस सांसदों को जान से मारने की धमकी

## गृह राज्य मंत्री ने कहा- कांग्रेस की मानसिकता कमजोर हो गई है

जयपुर टाइम्स



जयपुर(कासं.)। सोशल मीडिया पर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के सांसदों को जान से मारने की धमकी का पोस्ट जारी होने के मामले को लेकर सत्ता पक्ष और पक्ष आमने-सामने हो गए। एक तरफ प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के सांसदों को जान से मारने की धमकी देने वाला भाजपा का कार्यकर्ता है। भाजपा की यह मानसिकता देश को किधर लेकर जाएगी यह समझ में नहीं आ रहा। ऐसा जहर क्यों खोला जा रहा है। जूली ने यह भी कहा कि राजस्थान हाई कोर्ट में बार-बार बम होने की सूचना दी जा रही है लेकिन पुलिस ईमेल करने वाले अपराधियों को पकड़ नहीं पा रही है जो यह दिखाता है कि प्रदेश में शांति और कानूनी व्यवस्था कितनी बिगड़ी हुई है जिस पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की मानसिकता बिल्कुल कमजोर हो गई है। कांग्रेस पार्टी देश के लोगों का विश्वास खो चुकी है इसलिए कांग्रेस पार्टी के नेता तथ्यहीन बातें करते हैं उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर जब राहुल गांधी को लेकर जो पोस्ट सामने आई यह पोस्ट करने वाला कोटा का व्यक्ति था जिसे पुलिस ने पकड़ भी लिया है इसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी के नेता तथ्यहीन बयान दे रहे हैं जो ठीक नहीं है गृह राज्य मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पिछले 2 साल में हमारी सरकार के समय एक भी बड़ा जन आंदोलन नहीं हुआ है जो यह दिखाता है कि प्रदेश में कितनी शांति बनी हुई है जबकि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में पूरे 5 साल तक बड़े-बड़े जन आंदोलन होते रहे युवा पूरे 5 साल तक सड़कों पर आंदोलन करते रहे और राजस्थान पुलिस इन बड़े-बड़े जन आंदोलन को लेकर पूरे 5 साल तक परेशान रही ।पुलिस का और किसी काम में ध्यान नहीं गया क्योंकि 5 साल तक लाखों युवा सड़कों पर थे लेकिन पिछले 2 साल में हमारी सरकार के कार्यकाल में ना तो कोई किसान आंदोलन हुआ है और ना ही युवा सड़कों पर आंदोलन कर रहा है वजह यही है कि हमने किसान युवा महिला गरीब के कल्याण और विकास को अपनी प्राथमिकता माना है और इन सब की भलाई के लिए हमने 2 साल में ऐतिहासिक कार्य किए हैं इसीलिए प्रदेश का युवा महिला और किसान आज हमारी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हुआ है ।

## पीएम मोदी ने एआई के जरिए अपने भाषण के साथ किया अनूठा प्रयोग, दिव्यांगों के लिए बनेगा सुलभ

नई दिल्ली/(एजेंसी)




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में दिए गए अपने भाषण में एआई का इस्तेमाल करके सांकेतिक भाषा में इसके तत्काल अनुवाद के प्रयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अनुवाद एआई के संदर्भ में 'सुलभता और समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता' को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि प्रौद्योगिकी और सार्वजनिक संवाद दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे अधिक युवा आबादी वाला देश है। भारत नई टेक्नोलॉजी भी बनाता है। और इसे बहुत तेजी से अपनाता भी है। भारत में इस समिट का होना भारत के साथ-साथ पूरे ग्लोबल साउथ के लिए गर्व की बात है। दुनिया के 100 से अधिक देशों का रिप्रेजेंटेशन और दुनिया के कोने-कोने से यहां आने वाले बड़े लोग इसकी सफलता को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'नई तकनीकों के प्रति उत्साही चार अरब भारतीयों, आप सभी राष्ट्राध्यक्षों, वैश्विक एआई पारिस्थितिकी तंत्र के नेताओं और इनोवेटर्स का मैं इस शिखर सम्मेलन में स्वागत करता हूं। मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। भारत में इस शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत के साथ-साथ पूरे वैश्विक दक्षिण के लिए गर्व का विषय है। एआई जगत के दिग्गज इस समिति में उपस्थित हैं। विश्व के 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और दुनिया के कोने-कोने से आए गणमान्य व्यक्ति इसकी सफलता को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'इस आयोजन में हमने युवा पीढ़ी की जो उपस्थिति देखी है, उससे एक नया आत्मविश्वास पैदा हुआ है। आमतौर पर कुछ लोग नई तकनीक को लेकर शुरू में संशय में रहते हैं। लेकिन जिस गति और आत्मविश्वास के साथ दुनिया की युवा पीढ़ी एआई को अपना रही है, उसे अपना रही है, उसका उपयोग कर रही है, वह अभूतपूर्व है।' उन्होंने कहा, 'यहां एआई शिखर सम्मेलन की प्रदर्शनी को लेकर भी काफी उत्साह देखने को मिला है। विशेष रूप से युवा प्रतिभाएं बड़ी संख्या में आई हैं। कृषि सुरक्षा, दिव्यांगजनों की सहायता और बहुभाषी आबादी की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने वाले यहां प्रस्तुत समाधान, 'मेड इन इंडिया' की शक्ति और इस क्षेत्र में भारत की नवोन्मेषी क्षमताओं का एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं।' पीएम मोदी ने पेश किया मानव विजन इस दौरान प्रधानमंत्री ने एआई के लिए मानव विजन पेश किया। उन्होंने कहा कि एआई के दौर में इंसान सिर्फ डेटा बनकर न रह जाए।

## बालकनाथ बोले-गहलोत सरकार ने गोहत्यारों को 50 लाख दिए : कांग्रेस विधायक ने कहा- आपको गांधी से दिक्कत तो नोटों से तस्वीर हटा दीजिए

जयपुरटाइम्स



जयपुर(कासं)विधानसभा में उद्योग की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान बीजेपी विधायक महंत बालकनाथ के आरोपों पर सदन में नोकझोंक हो गई। बालकनाथ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा- आपकी सरकार ने तो 50 लाख रुपए गोहत्यारों को दिए थे। गहलोतजी की सरकार थी। आपको याद है क्या? आपके गहलोतजी ने जो उदयपुर के अंदर हिंदू भाई की हत्या हुई थी, उसके आरोपियों को बचाने का काम किया। आपकी सरकार के अंदर क्या हुआ था? अनुदान मांगों पर बहस के दौरान समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी के चाइनीज रोबोट को खुद का बताने से जुड़े विवाद का मामला गूंजा। कांग्रेस विधायक घनश्याम मेहर ने बहस में कहा- दिल्ली में हो रही एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने नकली रोबोट पेश करके देश की प्रतिष्ठा गिराई। पूरी दुनिया में इसकी चर्चा हो रही है कि यह हो क्या रहा है, यह गलत है। मेहर ने कहा- आपको गांधी जी से इतनी तकलीफ है तो नोट से उनकी तस्वीर हटा दीजिए। नरेगा से उनका नाम हटाने से क्या होगा। मेहर ने आगे कहा- हमारा युवा नशे में बर्बाद हो रहा है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। इस बात पर भी सोचना चाहिए। उद्योग, युवा और खेल की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक अशोक चांदना ने ऑनलाइन सट्टे को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा। चांदना ने कहा- राजस्थान के युवाओं के सामने आज बेरोजगारी, नशे और ऑनलाइन सट्टे की चुनौती है। उन्होंने कहा- केंद्र सरकार तीन-चार महीने पहले ऑनलाइन सट्टा बंद करने का बिल लाई,ऑनलाइन सट्टा चालू किसने किया? इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए ऑनलाइन सट्टा गेमिंग कंपनियों ने भाजपा को करोड़ों रुपए का चंदा दिया, जो युवाओं का खून चूस रही है। भारत सरकार ने ऑनलाइन सट्टे पर बैन लगाया, लेकिन यह आज भी चल रहा है। चांदना ने कहा- छोटे-छोटे गांव में नशा पहुंच गया है। रोज एक्सीडेंट हो रहे हैं। इससे एक नई प्रवृत्ति और पनप गई है। ऑनलाइन सट्टे में युवा पैसा हार जाते हैं, उसके बाद में साथ नशा करने लग जाते हैं, उसके बाद एक नया तंत्र चालू हो जाता है। युवा सट्टे में हारे पैसे चुकाने के लिए 10-20 रुपए सैकड़ा पर पैसा उधार लेने लग जाते हैं।। नशे और ऑनलाइन सट्टे की प्रवृत्ति वाले बच्चों पर पैसा चुकाने का दबाव रहता है। इससे मर्डर तक हो रहे हैं। इस तरह की शिकायतों का अभियान चलाएं, कौन ज्यादा ब्याज लेकर शोषण कर रहा है। युवा सुसाइड कर रहा है, मर्डर भी हो रहे हैं। पुलिस केवल बजरी के ट्रक गिनने में व्यस्त है। स्वास्थ्य मंत्री के जवाब से नाराज कांग्रेस का वॉकआउट इससे पहले विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री के जवाब से नाराज कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी के बाद सदन से वॉकआउट किया। वार-पलटवार का दौर चला विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और डिप्टी सीएम दीया कुमारी के बीच वार-पलटवार का दौर चला। मामला नोहर (बीकानेर) में बायपास का अलाइन्मेंट बदलने से जुड़े सवाल से जुड़ा था। डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा कि नए अलाइन्मेंट के हिसाब से काम शुरू हो चुका है। कोई आपत्ति है तो जांच करवा लेंगे। पहले अलाइन्मेंट पर किसानों की आपत्ति के कारण जमीन नहीं मिली। इसलिए नया अलाइन्मेंट बनाकर काम किया है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- यह गंभीर मामला है। इसमें ध्यान आकर्षण प्रस्ताव भी लग चुका है। इसमें जिस तरह जवाब दिया जा रहा है वह गुमराह करने वाला जवाब है। किसानों का विरोध था किस तारीख को आया? लागत बढ़ी है इसकी पेनल्टी किस पर लगाएंगे? पहले वहां फ्लाइओवर बनना था, अब टी बनेगी तो एक्सीडेंट बढ़ेंगे, कौन जिम्मेदार होगा?

## मिलन 2026 के उद्घाटन में राजनाथ सिंह बोले- भारत स्थापित करना चाहता है समतामूलक समुद्री व्यवस्था

जयपुर टाइम्स

विशाखापत्तनम(एजेंसी) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को विशाखापत्तनम में बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास मिलन 2026 का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा है कि भारत अंतरराष्ट्रीय कानून और नौवहन की स्वतंत्रता पर आधारित एक समतामूलक समुद्री व्यवस्था स्थापित करना चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा, 'पारंपरिक खतरों के साथ-साथ उभरती चुनौतियां भी मौजूद हैं। समुद्री डकैती, समुद्री आतंकवाद, अवैध मछली पकड़ना, तस्करी, साइबर जोखिम और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान जैसी समस्याएं गंभीर हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, जिससे मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों की मांग भी बढ़ी है।' राजनाथ सिंह ने कहा कि कोई भी एक नौसेना इन चुनौतियों से अकेले नहीं निपट सकती, इसलिए सहयोग अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय जल से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए 'युनाइटेड नेशंस कन्वेंशन ऑन द लॉ ऑफ द सी' एक मजबूत कानूनी ढांचा प्रदान करता है। उन्होंने व्यापक वैश्विक नौसैनिक संरचना की जरूरत पर बल दिया, जो सूचना साझाकरण, समुद्री संचार मार्गों की सुरक्षा और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण सुनिश्चित करे। उन्होंने बताया कि भारत की समुद्री नीति 'सागर' से आगे बढ़कर 'महासागर' दृष्टि तक विकसित हुई है, जो क्षेत्रीय और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि 74 देशों की भागीदारी के साथ मिलन 2026 अब तक का सबसे बड़ा और समावेशी संस्करण है, जो भारत पर वैश्विक समुद्री समुदाय के विश्वास को दर्शाता है।

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
20 फरवरी, 2026

## खुशखेड़ा-कारौली औद्योगिक क्षेत्र में हुई दुर्घटना में घायलों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक सहायता स्वीकृत

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** भिवाड़ी स्थित खुशखेड़ा-कारौली औद्योगिक क्षेत्र की एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट से घायल हुए श्रमिकों के लिए राज्य सरकार ने आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार गम्भीर रूप से घायल व्यक्तियों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 1.00 लाख प्रति घायल तथा अन्य घायलों को चोट प्रतिवेदन के आधार पर अधिकतम 50,000 प्रति घायल की सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार यह सहायता मुख्यमंत्री सहायता कोष नियमों में शिथिलता प्रदान कर स्वीकृत की गई है। यह राशि मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत देय राशि के अतिरिक्त होगी, जिससे पीड़ितों को अतिरिक्त आर्थिक संबल मिल सके। जिला प्रशासन द्वारा स्वीकृत राशि का भुगतान मुख्यमंत्री सहायता कोष के रिवॉल्विंग फण्ड से किए जाने की भी कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। राज्य सरकार द्वारा दुर्घटना के पीड़ितों को शीघ्र राहत प्रदान करने हेतु त्वरित कार्रवाई की जा रही है, जिससे घायलों के उपचार और पुनर्वास में आर्थिक सहयोग मिल सके।

## ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष निःशुल्क फास्ट फूड के प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सामुदायिक भवन केशव नगर स्कीम न. 13 प्रतापबास अलवर में ग्रामीण इलाकों से आने वाले महिलाओं एवं पुरुषो के लिए फास्ट फूड का 12 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 21 फरवरी से किया जाएगा। पीएनबी आरसेटी के निदेशक जे पी मीणा ने बताया कि इस दौरान प्रशिक्षणकर्ता की रहने -खाने, चाय व नाश्ते की भी निशुल्क व्यवस्था रहेगी और प्रशिक्षण पश्चात प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। अतः प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति संस्थान के कार्यालय से प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते है, आवेदन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लिए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के टेलीफोन नंबर - 0144-2940830, 9462194801, 7568621909 पर प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक संपर्क कर सकते है।

### प्रशिक्षण हेतु योग्यता

उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता की उम्र 18 से 50 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता कम से कम 8वीं पास, होनी चाहिए तथा वह अलवर, खैरथल-तिजारा व कोटपुतली-बहरोड़ जिले के किसी भी गाँव के स्थाई निवासी हैं। आवेदनकर्ता स्वयं सहायता समूह, बी पी एल, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा प्राप्त परिवार, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री अंत्योदय योजना के अंतर्गत आते हैं।

## जिले में आयोजित 31 विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर में 1700 से अधिक कार्य किए गए सम्पादित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडने के उद्देश्य जिले में दो चरणों में 31 विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर आयोजित कर लाभार्थियों के मौके पर



ही मूलभूत काम किए गए। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि प्रथम चरण में 15 जनवरी से 30 जनवरी तक पंचायत समिति एवं नगर निकाय स्तर पर 22 तथा द्वितीय चरण में 1 फरवरी से 15 फरवरी तक पंचायत समिति स्तर पर 9 विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि शिविरों में 281 आधार कार्ड, 139 राशन कार्ड, 258 जाति प्रमाण पत्र, 734 घुमन्तु पहचान पत्र, 240 मूल निवास प्रमाण पत्र एवं 48 जनाधार कार्ड जारी किए गए।

## खाद्य विभाग की टीम ने अनेक जगहों से दूषित पनीर और दूध कराया नष्ट



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधी नियंत्रण, जयपुर एवं जिला कलक्टर अलवर के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत गुरुवार को अनेक जगह से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि जिलें में 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत आयुक्तालय के निर्देशानुसार गुरुवार को मैसर्स इरफान डेयरी, काला की कोठी रामगढ से पनीर का नमूना लिया गया तथा 250 किलो पनीर, 200 लीटर दूषित, बदबूदार दूध मौके पर नष्ट कराया गया। मैसर्स मुबारिक डेयरी, काला की कोठी रामगढ से दूध एवं पनीर का नमूना लेकर 300 किलो पनीर एवं करीब 500 लीटर दूध मौके पर नष्ट कराया। मैसर्स अरमान डेयरी, काला की कोठी रामगढ से पनीर एवं दूध का नमूना लेकर 400 किलो पनीर एवं करीब 500 लीटर दूषित, खट्टा दूध मौके पर नष्ट कराया। उन्त तीनो फर्म के मालिक को FSSA 2006 की धारा 32 के के तहत साफ सफाई नहीं पाया जाने पर इंप्रूवमेंट नोटिस दिया गया।

## आठवीं बोर्ड की परीक्षा शुरू

**चाकसू(निस)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र में कोटखावदा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गरूडवासी बोर्ड परीक्षा केंद्र पर गुरुवार को दोपहर 12:00 बजे से ही आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों का आना शुरू हो गया वही बोर्ड परीक्षा केंद्र का समय पर गेट खोलकर विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र देकर प्रवेश दिया गया। बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। वही बोर्ड परीक्षा केंद्र पर अतिरिक्त अधीक्षक केंद्र प्रभारी कैलाश चन्द मीणा ने बताया कि गरूडवासी बोर्ड परीक्षा केंद्र पर कंवरपुरा, बड़ोदिया, ठीकरिया गुजरान, ठीकरिया मीणान सहित आसपास की सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के कुल 207 विद्यार्थी यहां परीक्षा देने पहुंचेंगे। जिसमें 105 छात्र और 102 छात्राएं का परीक्षा केंद्र गरूडवासी विद्यालय में आया है वहीं गुरुवार को बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

# अखिल भारतीय सैनी सामूहिक विवाह समारोह" में 16 जोड़ों का हुआ विवाह

### आए मेहमानों ने दिया जोड़ों को आशीर्वाद

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति, अलवर के तत्वाधान में '29वां अखिल भारतीय सैनी सामूहिक विवाह समारोह" (फुलेरादोज) पर गुरुवार को 16 जोड़ों का प्याज मण्डी (नई सब्जी मण्डी) अग्रसेन सर्किल के पास अलवर में आयोजित किया गया। समिति महामंत्री पदमचन्द सैनी ने बताया कि सर्वप्रथम 16 दूल्हों की सामूहिक बारात निकासी को विभिन्न समाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रातः 9 बजे पुरानी तहसील परिसर से रवाना करते हुए रोड़ नम्बर-2, भगत सिंह सर्किल, मण्डी पुलिया, अग्रसेन सर्किल होते हुए दोपहर 12 बजे विवाह समारोह स्थल प्याज मण्डी (नई सब्जी मण्डी) पहुॅची। समारोह स्थल पर आचार्य रामकिशन पांडे एवं अन्य पंडितों द्वारा तोरण, वरमाला एवं पाणिग्रहण संस्कार की सामुहिक रस्में सम्पन्न करवाई गई। दोपहर 12 बजे समिति द्वारा गत 15 फरवरी रविवार को आयोजित मेहन्दी, रंगोली एवं फैन्सीड्रेस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सहित कुल 33 लक्की ड्रॉ कुपन निकाल कर सम्मानित किया गया जिसमें:- मेहन्दी प्रतियोगिता में प्रथम दीपा सैनी द्वितीय खुशी सैनी एवं तृतीय साक्षी सैनी, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम नीकिता सैनी, द्वितीय कुसुम एवं तृतीय चित्रा सैनी, फैन्सीड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम मायरा सैनी, द्वितीय मंजिल सैनी एवं तृतीय चित्रांषी सैनी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार वाशिंग मशीन, द्वितीय पुरस्कार एल.ई.डी टीवी एवं तृतीय पुरस्कार प्रेशर कूकर (5 लीटर वाला) प्रदान किये गये साथ तीनो प्रतियोगिता में कुल 33 लक्की ड्रॉ कुपन द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये गये। समिति प्रवक्ता खुराडिया ने बताया कि वर-वधुओं को आर्शीवाद प्रदान करने हेतु आर्शीवाद समारोह अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष सैनी सभा, सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान, बबिता शर्मा धर्मपत्नी संजय शर्मा वन एवं पर्यावरण मंत्री राजस्थान सरकार, शहर कोतवाल रमेशचन्द सैनी, तहसीलदार खेमचन्द सैनी, तिजारा समाज अध्यक्ष किशन सैनी, मालाखेडा समाज अध्यक्ष लालाराम सैनी, किशनगढ़ अध्यक्ष अशोक सैनी, बानसूर अध्यक्ष, निरंजन लाल सैनी, राजगढ़ समाज अध्यक्ष पी.डी. सैनी, भगवान सैनी, गंजकिशनगढ़ प्रधान मुकेश सैनी सहित विभिन्न अतिथियों का माल्यापर्ण एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी महासभा जिलाध्यक्ष पूर्णमल सैनी ने की। कार्यक्रम संरक्षक अभय सैनी ने सहित उपस्थित वक्ताओं ने कहाँ कि सामूहिक विवाह का कार्यक्रम वर्तमान समय की आवश्यकता है। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में समानता एवं समरसता की भावना जाग्रत होती हैं। लगातार 29वॉ सामूहिक विवाह का आयोजन करना एक अच्छी पहल है जिसमें युवावर्ग एवं शिक्षित वर्ग को भी आगे आकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष प्रताप सैनी, अलवर फलसब्जी आढ़ती युनियम अध्यक्ष कैलाशचन्द सैनी, राष्ट्रीय सैनी सभा अध्यक्ष कमल सैनी, सैनी छात्रावास समिति अध्यक्ष रामप्रसाद सैनी, सैनी शिक्षा समिति अध्यक्ष जगदीश सैनी, कोषाध्यक्ष रामरतन सैनी, महामंत्री पदनचन्द सैनी, उपाध्यक्ष रूपकिशोर सैनी, लक्ष्मण सिंह सैनी, उपाध्यक्ष पंकज सैनी, रोशनलाल आढतिया, सुबेदार सुरेश चन्द सैनी, रामजीलाल खुराडिया, दुर्गाप्रसाद सैनी, लक्ष्मी नारायण सैनी, ओम प्रकाश सैनी, गणेश सैनी, युवा अध्यक्ष हेमन्त सैनी, जयकुमार खुराडिया, राजेन्द्र सैनी, महेश सैनी, ओमप्रकाश सैनी, भारत सैनी, बाबूलाल बाल्याण, डॉ. डी.के. सैनी, टेकचन्द कौलावत, खन्ना सैनी, बिरदाराम सैनी, कैप्टन उमरावलाल सैनी, अमित सैनी, राहुल सैनी सहित अलवर जिले के अलावा दौसा, कोटपुतली, विराटनगर, डीग, कांमा, भरतपुर, नारनोल सहित आस-पास के जिलों एवं अन्य राज्य के लोगों भी शामिल हुए।

# पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना का बढता क्रेज

### जिले के 2703 घरों में लगा रूफटॉफ सौलर सिस्टम, जीरो बिल की दिशा में बढ़ते कदम

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के रूप में प्रधानमंत्री द्वारा की गई महत्वकांक्षी पहल को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं दिशा- निर्देशन में राज्य को विद्युत उत्पादन में सरप्लस बनाने एवं प्रदेश के उपभोक्ताओं को 24 घंटे मुफ्त विद्युत उपलब्ध कराने के लक्ष्यानुसार योजना को तेजी से धरातल पर उतरा जा रहा है। इस योजना से लाभार्थियों को सब्सिडी के साथ निःशुल्क बिजली योजना का दोहरा लाभ मिल रहा है, जिससे इस योजना के प्रति आमजन में तेजी से क्रेज बढ़ रहा है। जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता राधेश्याम बंसल ने बताया कि योजना के अंतर्गत अलवर वृत में गत दो वर्षों के दौरान 2703 घरों पर 12192 किलोवाट के सौलर पैनल स्थापित कर दिए गए हैं। योजना के तहत जिले में 19 करोड़ 23 लाख रूपये की सब्सिडी का भुगतान किया गया है।

### जानिए पीएम सूर्यघर योजना

पीएम सूर्यघर योजना भारत सरकार की



महत्वाकांक्षी योजना है, जिसकी आधिकारिक शुरूआत 13 फरवरी 2024 को की गई थी। योजना के तहत लाभार्थी परिवार को 1 किलोवाट क्षमता वाले रूफटॉफ सौलर सिस्टम के लिए 30 हजार रुपये की सब्सिडी, इसी प्रकार 2 किलोवाट क्षमता वाले रूफटॉफ सौलर सिस्टम के लिए 60 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक वाले रूफटॉफ सौलर सिस्टम के लिए 78 हजार रुपये की सब्सिडी देय है। इसके अतिरिक्त राजस्थान सरकार द्वारा 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना के माध्यम से पात्र उपभोक्ताओं को 1.1 किलोवाट या अधिक के सौलर सिस्टम पर 17 हजार रूपये की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

### लाभार्थियों को मिल रहा है दोहरा लाभ

पीएम सूर्यघर योजना में केंद्र सरकार द्वारा घरों पर सौलर सिस्टम लगाने पर उसकी क्षमता के अनुरूप 78 हजार रूपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। वहीं राजस्थान सरकार के द्वारा पात्र उपभोक्ताओं को 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना के तहत प्रदान करने के साथ 17 हजार रूपये की अतिरिक्त सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। लाभार्थी हितेश कुमार जांगिड पीएम सूर्यघर योजना के सुखद अनुभव साझा करते हुए बताते हैं कि योजना के तहत कैम्प में सुगम तरीके से रजिस्ट्रेशन के पश्चात निर्धारित समय-सीमा में बिना किसी बाधा के 3 किलोवाट का रूफटॉफ सौलर सिस्टम 1 लाख 80 हजार रूपये की लागत पर स्थापित कर दिया गया, जिसमें सरकार के द्वारा 78 हजार रूपये की सब्सिडी प्रदान की गई। इस प्रकार मात्र एक लाख रूपये की लागत से 3 किलोवाट का सौलर सिस्टम लगा, जिससे बिजली का बिल आधा होने के साथ सर्दियों में बिल नेगेटिव आने लगा। इससे पूरे गांव में योजना के प्रति अन्य लोगों में रूचि एवं विश्वास जगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों एवं आमजन को सुचारू बिजली आपूर्ति कराने एवं बिजली की बचत कर उनकी अतिरिक्त आमदनी को बढावा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रदेशवासियों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने योजना का लाभ प्राप्त होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

## अखिल राजस्थान चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कर्मचारी संघ में पदभार मिलने पर रेडियोलॉजी विभाग ने किया सम्मान

### जिलाध्यक्ष बने मनीष शर्मा, जिला संयोजक नियुक्त हुए गोपाल सैनी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सामान्य चिकित्सालय, अलवर के रेडियोलॉजी विभाग में बुधवार को एक सादे एवं गरिमामय समारोह का आयोजन कर अखिल राजस्थान चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कर्मचारी संघ में महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर मनीष शर्मा (नर्सिंग ऑफिसर) एवं गोपाल सैनी (वरिष्ठ रेडियोग्राफर) का सम्मान किया गया। संघ द्वारा जारी हालिया आदेश के अनुसार मनीष शर्मा को जिलाध्यक्ष तथा गोपाल सैनी को जिला संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने दोनों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि दोनों कर्मियों ने सदैव अपनी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण भाव से कार्य करते हुए विभाग और अस्पताल का नाम रोशन किया है। संघ में उनकी नियुक्ति से कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को नई दिशा मिलेगी तथा संगठन को मजबूती प्राप्त होगी। अपने संबोधन में मनीष शर्मा एवं गोपाल सैनी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे कर्मचारियों के हितों की रक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# देवेन्द्र यादव मेमोरियल सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अलवर(निसं.)।** दिवंगत पत्रकार देवेन्द्र यादव के 48वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय देवेन्द्र यादव मेमोरियल सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को शहर की स्कीम-8 स्थित बाल भारती स्कूल में किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत देवेन्द्र यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ



हुई। आयोजक सचिव सुरेन्द्र चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता में छात्र वर्ग की 9 और छात्रा वर्ग की 5 टीमें भाग ले रही हैं। सभी मुकाबले नॉक आउट पद्धति से खेले जाएंगे। उद्घाटन मैच छात्र वर्ग में हसलर क्लब और प्रताप वॉरियर्स के बीच खेला गया, जिसमें हसलर क्लब ने 41-22 से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। संचालन रेखा महलावत ने किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बाल भारती शिक्षा समिति के कोषाध्यक्ष सुभाष गोटेवाला रहे। विशिष्ट अतिथियों में अशोक जैन, गोपाल नारायण शर्मा, यश भार्गव, विशन कालरा, महेंद्र गोयल, धर्मेन्द्र अदलखा, ज्योति शर्मा, गरिमा गोयल, रूबी वर्मा एवं रोहित शर्मा उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में कुंवर पाल सिंह, प्रदीप चौधरी और आयुषी तंवर ने अपनी सेवाएं दीं। प्रतियोगिता के माध्यम से दिवंगत पत्रकार देवेन्द्र यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और अनुशासन का संदेश दिया गया।

# रोटरी क्लब अलवर ने शुरू किया 'बंकिम चंद्र बंदोपाध्याय मेडिकल इक्विपमेंट बैंक'

### जरूरतमंद मरीजों को रियायती दरों पर मिलेंगे व्हीलचेयर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर सहित अन्य उपकरण

जयपुर टाइम्स






**अलवर(निसं.)।** शहर में सामाजिक सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए Rotary Club of Alwar द्वारा रोटरी भवन, अंबेडकर नगर में 'बंकिम चंद्र बंदोपाध्याय रोटरी मेडिकल इक्विपमेंट बैंक' का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह परियोजना क्लब के स्थायी (Permanent) प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ की गई है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में अशोक आर्य (उपाध्यक्ष, आर्य कन्या विद्यालय समिति) एवं गिरीश गोयल (कजारिया सेरामिक्स लिमिटेड) शामिल रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर परियोजना का उद्घाटन किया। रोटेरियन सदस्यों द्वारा शॉल, दुपट्टा व माल्यार्पण कर सभी अतिथियों का सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में मेडिकल उपकरणों की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए इस प्रकार का इक्विपमेंट बैंक अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इससे जरूरतमंद रोगियों को आवश्यक उपकरण आसानी से उपलब्ध होंगे और उनके परिवारों पर आर्थिक भार कम होगा।

डॉ. चंद्राय बनर्जी आर्य ने बताया कि यह इक्विपमेंट बैंक उनके दादाजी स्वर्गीय डॉ. बंकिम चंद्र बंदोपाध्याय की स्मृति में प्रारंभ किया गया है तथा यह उनके स्वर्गीय पिताजी डॉ. बासुदेव बंदोपाध्याय के स्वप्न को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विशिष्ट अतिथियों अशोक आर्य एवं गिरीश गोयल ने रोटरी की इस सेवा पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी CSR के माध्यम से सहयोग का आश्वासन दिया।

मेडिकल इक्विपमेंट बैंक के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमित खंडेलवाल ने जानकारी दी कि बैंक में व्हीलचेयर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, बाई-पैप मशीन, वॉकर, आईसीयू बेड, कार्डियक मॉनिटर, सक्शन मशीन, मोर्चरी बॉक्स सहित अन्य आवश्यक उपकरण अत्यंत रियायती दरों पर काला कुआं स्थित रोटरी सेंटर से किराये पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन बबीता खंडेलवाल ने बताया कि भविष्य में आवश्यकता अनुसार उपकरणों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। इस अवसर पर रोटेरियन सुरेश गुप्ता, रोटेरियन सरोज गुप्ता एवं आगामी सचिव रोटेरियन मुकुंद गुप्ता ने नए उपकरणों के लिए स्वेच्छा से सहयोग राशि देने की घोषणा की। पूर्व प्रांतपाल रोटेरियन क्रांति मेहता ने कहा कि रोटरी विश्वभर में सेवा भावना के लिए जानी जाती है और आगामी वर्षों में भी क्लब चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रांतपाल रोटेरियन पवन खंडेलवाल ने किया तथा अंत में सचिव रोटेरियन ऋषि मित्तल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## राजसमंद कलेक्टर का फोटो व्हाट्सएप पर लगाकर साइबर ठग ने पैसे मांगे, कलेक्टर कानाराम ने पुलिस को शिकायत की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के राजसमंद जिला कलेक्टर कानाराम की फोटो अंतर्राष्ट्रीय फोन नंबर के व्हाट्सएप नंबर पर लगाकर साइबर ठग ने कलेक्टर के परिचितों मित्रों और जानकार लोगों से पैसों की डिमांड की जैसे ही जिला कलेक्टर कानाराम को इस बात की जानकारी मिली उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया पुलिस ने जिला कलेक्टर से मिली शिकायत के आधार पर फोन नंबर को ब्लॉक कर दिया है और लोगों को पैसे सेंड नहीं करने का आग्रह किया है जानकारी के अनुसार राजसमंद जिला कलेक्टर कानाराम का फोटो एक अंतरराष्ट्रीय मोबाइल फोन नंबर के व्हाट्सएप नंबर पर लगाकर अज्ञात साइबर ठगने जिला कलेक्टर कानाराम के व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े लोगों से पैसों की डिमांड की जैसे ही कानाराम को इस तरह की जानकारी मिली उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया पुलिस ने इस अंतरराष्ट्रीय फोन नंबर को ब्लॉक करवा दिया है और जिला कलेक्टर ने भी लोगों से आग्रह किया है कि वे किसी भी तरह के झांसे में नहीं आए। इस घटना से एक बार फिर से साबित हो गया है कि प्रदेश और देश में साइबर अपराधियों के हौसले कितने बुलंद हैं साइबर अपराधी वारदात को अंजाम देते समय ऐसा नहीं है कि सीधे-साधे और भोले लोगों को ही अपना निशाना बनाते हैं बल्कि बड़े-बड़े उद्योगपति बड़े-बड़े राजनेता और बड़े-बड़े अधिकारियों के व्हाट्सएप नंबर हैक करके इस तरह से ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं।

## कुएं में गिरा पैंथर, पुलिस और वन विभाग पैंथर के रेस्क्यू अभियान में युद्ध स्तर पर जुटी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के उदयपुर जिले के भिंडर थाना इलाके के अलखेड़ा गांव में कुएं में पैंथर गिर गया सूचना मिलने के बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है पैंथर को जिंदा बाहर निकालने के प्रयास किया जा रहे हैं मौके पर बड़ी संख्या में लोग भी मौजूद है लेकिन पुलिस ने घटना स्थल से लोगों को सुरक्षा की दृष्टि से हटा दिया जानकारी के अनुसार अलखेड़ा गांव में एक कुएं में पैंथर के गिरने की खबर जैसे ही आसपास के लोगों को मिली लोगों ने तुरंत पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को पेंशन के बारे में अवगत करवाया इसके बाद वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची पैंथर कुएं में कैसे गिरा? इसके बारे में किसी को भी पुख्ता जानकारी नहीं है लेकिन वन विभाग का मानना है कि कहीं ना कहीं दौड़ लगाने के दौरान जल्दी बाजी में पैंथर का पांव कुएं में फिसल गया जिसकी वजह से वह कुएं में गिर गया खबर लिखे जाने तक पैंथर कुएं में मौजूद था और वह हलचल भी कर रहा था इसलिए पैंथर के कुएं में जीवित रहने की बात वन विभाग के अधिकारियों ने भी कही है इसलिए वन विभाग के अधिकारी बहुत ही सावधानी पूर्वक पैंथर को जिंदा हुए से बाहर निकालने के प्रयास में सावधानी से रेस्क्यू अभियान का संचालन कर रहे हैं ।

## 25000 के इनामी तस्कर मोहम्मद इमरान को पुलिस ने दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान पुलिस की ऐंटेनारकोटिक्स टास्क फोर्स ने 10 साल से फरार चल रहे 25000 रुपए के इनामी तस्कर को पकड़ लिया है गिरफ्तार तस्कर मोहम्मद इमरान है जो पिछले 10 साल से राजस्थान पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ था पुलिस ने इस तस्कर को गिरफ्तार करने के लिए कई बार विशेष टीमों का गठन भी किया लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई यह तस्कर गुपचुप में फरारी काटता रहा लेकिन इस बार एंटीनाकोटिक्स टास्क फोर्स ने वांटेड और बड़े अपराधियों की धर पकड़ में जोरदार तरीके से अभियान छेड़ा हुआ है आपसे पहले अपराधियों की धर पकड़ में जोरदार तरीके से अभियान छेड़ा हुआ है पिछले कुछ दिनों में कई बड़े-बड़े विख्यात अपराधियों को एंटीनार्कोटिक्स टास्क फोर्स ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की है और अब जिस तरह से राजस्थान पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बने इस अपराधी को गिरफ्तार किया है यह वास्तव में राजस्थान पुलिस की एक बड़ी कार्रवाई कहीं जा सकती है जानकारी के अनुसार गिरफ्तार उपयुक्त मोहम्मद इमरान अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के अलावा विभिन्न तरह की अपराधी गतिविधियों में वांछित था इसके खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं और पुलिस ने जब-जब इसको पकड़ने का प्लान बनाया तब तक यह पुलिस को गच्चा देकर फरार हो गया इसलिए पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी के लिए 25000 रुपए के इनाम की घोषणा की हुई थी अब पुलिस ने इसको पकड़ लिया है पुलिस इसको कोर्ट में प्रस्तुत कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लगी पुलिस पूछताछ में इस बात का भी पता लगाया जाएगा कि वह 10 साल से कहां-कहां किन-किन लोगों के यहां ठहरा हुआ था जिन लोगों ने मोहम्मद इमरान को शरण दी है उनको भी गिरफ्तार किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत लंबित दावों का भुगतान शीघ्र करेंगे - पशुपालन मंत्री

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत सवाई माधोपुर जिले में पशुपालकों के बीमा क्लेम राशि के भुगतान की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि जिले में बीमित पशुओं की मृत्यु के बाद बीमा क्लेम हेतु कुल 217 आवेदन प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार द्वारा 72 पात्र आवेदनों पर 14 लाख 58 हजार रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शेष पात्र दावों का भुगतान निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण होते ही शीघ्र कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में 13 दिसम्बर 2024 से 15 फरवरी 2026 तक मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में कुल 27 हजार 909 पशुपालकों द्वारा आवेदन किया गया। जिनमें से राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि वि?भाग के माध्यम से पंजीकृत पशुपालकों का लॉटरी के माध्यम से अंतिम चयन कर 15 फरवरी 2026 तक कुल 20 हजार 642 पशुपालकों को पॉलिसी बॉण्ड जारी किये गये हैं। पशुपालन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक मती इन्द्रा द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने योजना की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी से सदन को अवगत कराते हुए बताया कि जिले के विधानसभा क्षेत्र बामनवास में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत कुल 6,845 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 4,567 पशुपालकों को पॉलिसी जारी कर की गई। 7,734 बीमित पशुओं में से मृत पशुओं के 52 दावे पेश किये गए, जिनमें से 10 दावों का निस्तारण करते हुए 2 लाख 85 हजार रुपये का भुगतान किया जा चुका है। कुमावत ने जानकारी दी कि शेष 42 दावों में से 6 आवेदन पशु पर टैग न होने एवं निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण न करने के कारणों से अपात्र पाए गए। 11 ट्रेजरी स्तर पर भुगतान के लिए लंबित हैं।



# मोदी की सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए मदन राठौड़ ने अजमेर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी 28 फरवरी को अजमेर में आयोजित होने वाली जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए राजस्थान भाजपा ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है इसके लिए राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने डाल देना गुरुवार को अजमेर में भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ सामूहिक बैठक का आयोजन किया बैठक में राठौर ने सभा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाने के दिशा निर्देश दिए हैं बैठक में महिलाओं और युवाओं को भी ज्यादा से ज्यादा लाने की बात कही गई है बैठक बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से संपादित हो और बैठक में किसी भी तरह का कोई व्यवधान नहीं हो इसके लिए भी भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को सभा की प्रत्येक गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 28 फरवरी को कायड़ विश्राम स्थली में सभा का आयोजन होने जा रहा है इस सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान को 23500 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे इसके अलावा 21000 युवाओं को सरकारी नौकरी पत्र भी देंगे इसलिए इस सभा को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए एक तरफ जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी कमर कसी हुई है तो दूसरी तरफ पार्टी के संगठन के तौर पर मदन राठौड़ ने भी इस सभा को शानदार बनाने के प्रयास शुरू किए हैं इसी परिपेक्ष में मदन राठौड़ ने गुरुवार को कायड़ विश्राम स्थल का भी डोरा किया और यहां सभा की तैयारी का जायजा लिया सभा की सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग, शौचालय, पीने का पानी, चिकित्सा इत्यादि सभी व्यवस्थाओं का पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारियों से जायजा लिया। सभा के लिए बनाए जा रहे पंडाल और मंच व्यवस्था के बारे में भी राठौर ने जनता से जानकारी हासिल की इस सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा केंद्रीय मंत्री राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य पार्टी के विधायक और सांसद भी मौजूद रहेंगे हालांकि अजमेर में पूर्व में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक बड़ी सभा का शानदार आयोजन हुआ था मोदी की 28 फरवरी को अजमेर में होने वाली यह सभा कहीं ना कहीं प्रदेश में सत्ता और संगठन दोनों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है क्योंकि मोदी की इस सभा के आयोजन से भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं में भी उत्साह का संचार हो रहा हैइसके अलावा सरकार से जुड़े लोग भी इस सभा को लेकर काफी उत्साहित है कुछ दिनों के बाद में प्रदेश में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव आयोजित होने वाले हैं ऐसे में मोदी की यह सभा सत्ता और संगठन दोनों के लिए वरदान साबित हो सकती है क्योंकि इस सभा में मोदी एक तरफ जहां 23500 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे तो दूसरी तरफ 21000 युवाओं को नौकरी पत्र भी देंगे इसलिए कहीं ना कहीं मोदी की इन सौगातो से प्रदेश की जनता में अच्छा मैसेज जाने वाला है जिसका सीधा फायदा प्रदेश की भजनलाल सरकार और भाजपा को आगामी पंचायत राज चुनाव में मिलने के आसार हैं।

## दुल्हन के भात के कार्यक्रम में मधुमक्खियां का हमला, डेड दर्जन दर्जन लोग घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के टोंक जिले के मालपुरा में अजमेर रोड पर श्याम रिजॉर्ट में शादी समारोह में मधुमक्खियां ने अचानक हमला बोल दिया जिसकी वजह से मौके पर मौजूद लोगों में खलबली मच गई और लोग मधुमक्खियां से बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे इस दौरान 18 लोग मधुमक्खियां के काटने की वजह से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में एडमिट करवाया गया है इस घटना के बाद आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों में भी दहशत छा गई है हालांकि काफी देर तक मधुमक्खियां ने मौके पर तांडव मचाया और फिर बाद में मधुमक्खियां घटना स्थल से गायब हो गई लेकिन जब तक मधुमक्खियां वहां मौजूद रही वह इलाका मधुमक्खियां वहां मौजूद रही वह इलाका पूरी वहां मौजूद लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर छुपते हुए नजर आए जानकारी के अनुसार मालपुरा में अजमेर रोड पर शाम रिसोर्ट में एक दुल्हन के भात भरने का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था इसी दौरान मधुमक्खियां ने अचानक वहां मौजूद लोगों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया जिसकी वजह से भात के कार्यक्रम में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया मधुमक्खियां के अचानक हमले से लोग समझ नहीं पाए और मधुमक्खियां ने चुन चुन कर लोगों के शरीर को काट डाला जिसमें दुल्हन के भाई और अन्य परिजन भी मधुमक्खियां के काटने की वजह से घायल हो गए द्य उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में मधुमक्खियां के हमले से बड़ी संख्या में लोग घायल होकर अस्पताल में पहुंचे हैं महाशिवरात्रि के पर्व के दिन भी प्रदेश में कई जगहों पर मधुमक्खियां ने मंदिर में ही पूजा अर्चना के दौरान लोगों पर हमला बोला था इस तरह के हमले आए दिन हो रहे हैं लेकिन बड़ी बात यही है कि मधुमक्खियां के हमले से बचने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन भी लाचारी दिखता है ।

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में पूजा अर्चना की, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने बांसवाड़ा जिले में स्थित विश्व विख्यात मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में गुरुवार को विधिवत रूप से पूजा अर्चना की मंदिर के पुजारी ने मंत्र उच्चारण और वैदिक रीति रिवाज के अनुसार वसुंधरा राजे से पूजा करवाई इस मौके पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय छोटे बड़े सभी नेता मौजूद रहे भाजपा कार्यकर्ताओं ने वसुंधरा राजे का मौके पर जोरदार स्वागत भी किया उल्लेखनीय है कि वसुंधरा राजे मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में अक्सर पूजा अर्चना करने आती रहती हैं इस मंदिर के प्रति वसुंधरा राजे की गहरी आस्था है वसुंधरा राजे जब भी व्यक्तिगत और राजनीतिक तथा सामाजिक रूप से कोई भी नया कार्य शुरू करती हैं तो इससे पहले यहां मंदिर में आकर जरूर पूजा अर्चना करती है वसुंधरा राजे जब पहली बार राजस्थान भाजपा की अध्यक्ष बनी थी उस समय भी वसुंधरा राजे ने यह मंदिर में आकर पूजा अर्चना की थी और जब 2003 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पूरा बहुमत मिला और वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनी तो मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वसुंधरा राजे यहां नियमित रूप से दर्शन करने आती रही हैं वसुंधरा राजे दो बार राजस्थान की मुख्यमंत्री रही है और मुख्यमंत्री पद पर रहने के दौरान ही उन्होंने यह मंदिर में कई बार आकर पूजा अर्चना की है इसके अलावा भी वसुंधरा राजे यहां मंदिर में नियमित रूप से आती रहती है।

उल्लेखनीय है कि झालावाड़ सांसद और वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह कल 21 फरवरी से अपने निर्वाचन क्षेत्र में जन संवाद यात्रा का आयोजन कर रहे हैं इस यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर वसुंधरा राजे भी मौजूद रहेगी इसलिए गुरुवार को जिस तरह से वसुंधरा राजे ने यह मंदिर में आकर पूजा अर्चना की है तो जाहिर सी बात है वसुंधरा राजे ने अपने पुत्र दुष्यंत सिंह की संसद जन संवाद यात्रा के सफलतापूर्वक संपादन के लिए भी कहीं ना कहीं मां देवी से प्रार्थना की है ।

## होली और खाटू श्याम मेले पर ट्रेनों और स्टेशनों पर विशेष अभियानों में सुरक्षा, स्वच्छता, अनाधिकृत यात्रा रहेगा फोकस

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** होली पर्व एवं खाटूश्याम जी में आयोजित वार्षिक मेले के अवसर पर यात्रियों एवं श्रद्धालुओं के अतिरिक्त यात्री भार को ध्यान में रखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा व्यापक एवं विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। होली पर्व पर उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा 23 स्पेशल ट्रेनों के 113 ट्रिप संचालन तथा 24 स्पेशल ट्रेनों के 114 ट्रिप संचालन की अवधि में विस्तार की अधिसूचना जारी की अधिसूचना जारी की गई है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार रेलवे द्वारा विभिन्न मार्गों पर यात्री भार की समीक्षा कर यात्रियों को सुगम रेल यात्रा के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। होली के त्यौहार एवं खाटूश्याम जी मेले की अवधि के दौरान यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। इस दौरान ट्रेनों और स्टेशनों पर सुरक्षा, स्वच्छता तथा अनाधिकृत यात्रा रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष अभियान चलाए जाएंगे, ताकि यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान की जा सके। इन अभियानों के लिए मुख्यालय स्तर और मण्डल स्तर पर टीम का गठन किया गया है जो नियमित रूप से स्टेशनों और ट्रेनों का निरीक्षण करेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। त्यौहारों के अवसर पर अक्सर देखा जाता है कि यात्री प्रतिबंधित पदार्थ जैसे पटाखे, पेट्रोलियम पदार्थ, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, सूखी झाडिया, नशीले पदार्थ इत्यादि लेकर सफर करते है जोकि रेल यात्रा के दौरान प्रतिबंधित है और यह यात्रियों की सुरक्षा को प्रभावित करता है। रेलवे अधिनियम के अनुसार, रेल यात्रा के दौरान प्रतिबंधित या विस्फोटक सामग्री ले जाना एक दंडनीय अपराध है, अगर कोई ऐसा करते पाए गए तो 1,000 तक का जुर्माना या तीन साल तक की कैद या दोनों का प्रावधान है। रेलवे सुरक्षा बल के दस्तों द्वारा स्टेशनों और ट्रेनों में गहन चैकिंग की जाती है। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के तहत कोई भी अवांछनीय गतिविधि पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इन चैकिंग अभियानों में बिना टिकट यात्रा, निर्धारित श्रेणी के अतिरिक्त अन्य डिब्बों में यात्रा, अनाधिकृत वेडिंग और गंदगी करने वाले यात्रियों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। रेलवे द्वारा अनियमितताओं के मामलो को गंभीरता के साथ लिया जाता है और किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त होने पर सख्त कार्यवाही की जाती है। किसी भी यात्री को गैर कानूनी कृत्यों के संबंध में सूचना प्राप्त हो तो वह रेलवे सुरक्षा बल या रेलवे कर्मचारियों को इसकी सूचना देवे अथवा रेलवन ऐप/139 पर शिकायत भी दर्ज करवा सकते है। स्टेशन और ट्रेन में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत रेलवे सुरक्षा बल, टीटीई को देवे या रेलवन ऐप 139 पर शिकायत दर्ज करवाये।

## राजस्थान हाई कोर्ट को बम से उड़ने की नौवीं बार धमकी मिली, पुलिस और न्यायालय परिसर से जुड़े लोग में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान हाई कोर्ट परिसर में गुरुवार को फिर से बम होने की सूचना मिलने के बाद जयपुर पुलिस और न्यायालय परिसर से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और न्यायालय परिसर को खाली करवाया काफी देर तक न्यायालय परिसर में सभी जगह सघन तलाशी ली गई तथा न्यायालय परिसर के आसपास के क्षेत्र मेंभी तलाशी ली गई तलाशी अभियान में खोजी कुत्तों का भी सहारा लिया गया हालांकि मौके पर बम निरोधक दस्ता भी बुला लिया गया था लेकिन काफी देर तक तलाशी अभियान को अंजाम देने के बाद पुलिस को मौके पर कुछ भी नहीं मिला इसके बाद पुलिस ने न्यायालय परिसर को पूरी तरह से सुरक्षित करार दिया जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों में राजस्थान हाई कोर्ट को गुरुवार से पहले आठ बार इसी तरह से ईमेल के माध्यम से बम होने की सूचना दी जा चुकी है लेकिन यह सारी सूचनाओं गलत साबित हुई और गुरुवार को भी जो बम होने की सूचना ईमेल के माध्यम से दी गई थी यह सूचना भी पूरी तरह से फर्जी निकली जानकार लोगों का कहना है कि बार-बार जयपुर और प्रदेश में कई जगह पर ईमेल के माध्यम से बम होने की सूचना दी जा रही है लेकिन सभी सूचनाओं अब तक पूरी तरह से गलत साबित हुई है इसलिए कोई ना कोई प्रदेश में अशांति का माहौल बनाने के प्रयास में जोर-जोर से जुटा हुआ है और इस तरह से बार-बार फर्जी बम होने की सूचना देकर पुलिस और प्रशासन के लिए मुसीबत खड़ी कर रहा है पुलिस इस तरह की सूचना मिलने के बाद मौके पर जाती भी है और तलाशी अभियान भी शुरू करती हैलेकिन जो अपराधी ईमेल के माध्यम से इस तरह की गलत सूचना दे रहे हैं उनको चिन्हित नहीं कर पा रही इसीलिए इन अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और वह लगातार रोजाना इस तरह की गलत सूचना देकर पुलिस और आमजन में भाई का माहौल पैदा करना सूचना देकर पुलिस और आमजन के लिए मुसीबतें खड़ी कर रहे हैं पुलिस को किसी ने किसी तकनीक के आधार पर इस तरह की गलत ईमेल से सूचना देने वाले लोगों को पकड़ना ही होगा

जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू

## जिला व चार्ज अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों के तहत नगर निगम जयपुर मुख्यालय स्थित ई.सी. मीटिंग हॉल में जिला एवं चार्ज अधिकारियों के लिए दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 19 एवं 20 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक विष्णु चरण मल्लिक ने किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी, अतिरिक्त आयुक्त नरेंद्र कुमार बंसल सहित नगर निगम के उपायुक्त, नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निदेशक विष्णु चरण मल्लिक ने प्रशिक्षण शिविर की कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना 2027 पूर्णतः डिजिटल मोड में आयोजित की जाएगी। इससे पारदर्शिता, शुद्धता एवं त्वरित डाटा संकलन सुनिश्चित किया जा सकेगा। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को सीएमएमएस पोर्टल, स्वगणना एप तथा जनगणना के अंतर्गत आमजन से पूछे जाने वाले प्रश्नों की जानकारी दी गई। साथ ही डिजिटल उपकरणों के माध्यम से डाटा संकलन, अपलोडिंग एवं सत्यापन की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 मई से 15 मई 2026 तक स्वगणना एवं 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य संपादित किया जाएगा। अधिकारियों को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित जनगणना कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## सूर्य किरण एरोबैटिक टीम एवं सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने युवाओं से किया संवाद

### एनसीसी कैडेट्स, स्कूली व मूक बधिर विद्यार्थियों को किया प्रेरित



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** भारतीय वायु सेना की ब्रांड एंबेसडर टीमों सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने गुरुवार को जयपुर के युवाओं से संवाद कर उन्हें राष्ट्रसेवा, अनुशासन और उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया। संवाद कार्यक्रम हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान के भगवत सिंह मेहता सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं व मूक-बधिर विद्यार्थी उपस्थित रहे। टीम सदस्यों ने विद्यार्थियों को वायुसेना में करियर के अवसरों, कठोर प्रशिक्षण प्रक्रिया, टीमवर्क और समर्पण के महत्व से अवगत कराया। साथ ही 20 व 22 फरवरी को जल महल की पाल पर प्रस्तावित भव्य एयर शो की जानकारी साझा की। पायलटों ने कहा कि जयपुरवासियों के लिए यह अवसर भारतीय वायुसेना के साहस, सटीकता और अनुशासन को सजीव रूप में देखने का यादगार क्षण होगा। आयोजन में जानकारी दी गई कि वर्ष 1996 में स्थापित सूर्य किरण एरोबैटिक टीम एशिया की एकमात्र नौ-विमान एरोबैटिक टीम है और विश्व की चुनिंदा टीमों में शामिल है। यह टीम लाल-सफेद रंग के आकर्षक ॥ड्डद्ब स्द्ब-132 जेट विमानों पर उड़ान भरते हुए लूप, बैरल रोल, उलटी उड़ान तथा लोकप्रिय 'डीएनए' संरचना जैसे रोमांचक करतब प्रस्तुत करती है। अब तक 800 से अधिक प्रदर्शनों के माध्यम से टीम ने चीन, श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात सहित अनेक देशों में भारतीय वायुसेना की पेशेवर दक्षता का प्रदर्शन किया है। टीम में 14 पायलट शामिल हैं। टीम लीडर ग्रुप कैप्टन अजय दसरथी (सु-30 एमकेआई के अनुभवी पायलट) हैं तथा डेप्यूटी लीडर विंग कमांडर तेजेश्वर सिंह हैं। अन्य पायलटों एवं तकनीकी अधिकारियों की समर्पित टीम सटीक गठन उड़ान को संभव बनाती है। उल्लेखनीय है कि टीम के तीन पायलट विंग कमांडर राजेश काजला, विंग कमांडर अंकित वशिष्ठ और स्क्वाड्रन लीडर संजेश सिंह जयपुर से ही हैं। हाल ही में विमानों में स्वदेशी स्मोक पॉड्स का एकीकरण किया गया है, जिसे वायुसेना के 11 बेस रिपेयर डिपो, नासिक में विकसित किया गया है। इससे प्रदर्शन के दौरान आकाश में तिरंगे के रंगों की आकर्षक छटा बिखेरी जा सकती है, जो आत्मनिर्भर भारत की भावना को दर्शाती है। वहीं, आयोजन में यह भी जानकारी दी गई कि सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम अपने रंग-बिरंगे हेलिकॉप्टरों और सटीक सामूहिक उड़ान के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। वर्ष 2004 में सिंगापुर में आयोजित एशियन एरोस्पेस शो में पहली अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुति के बाद से टीम 390 से अधिक स्थलों पर 1200 से अधिक प्रदर्शन कर चुकी है। टीम ध्रुव हेलिकॉप्टर का संचालन करती है, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की ओर से डिजाइन एवं विकसित किया गया है। यह सर्व-मौसम और बहु-उद्देश्यीय क्षमता वाला हेलिकॉप्टर है, जो 'आत्मनिर्भरता' की भावना का सशक्त प्रतीक है।



## कहानी

### संपत्ति से भक्ति श्रेष्ठ

प्राचीन समय की बात है । चोलराज और विष्णुदास नाम के दो मित्र थे । दोनो भगवान श्रीविष्णुजी के भक्त थे । चोलराज यह चक्रवर्ती सम्राट था । वह धनवान और दानवीर था । इसके विपरीत विष्णुदास एक गरीब परंतु विद्वान ब्राह्मण था । दोनो प्रतिदिन भगवान श्रीविष्णुजी के एक मंदिर मे पूजा करने के लिए जाते थे । एक दिन सम्राट चोलराज मंदिर में भगवान की पूजा करने के लिए गए । उन्होंने भगवान की मूर्ति की मन:पूर्वक पूजा की । भगवान को कीमती वस्त्र पहनाए। हीरे, माणिक, मोती के अलंकार चढाए। अन्य रत्नों से भगवान की मूर्ति बहुत अच्छे से सजाई । पूजा के बाद वे शांति से मंदिर में थोडी देर के लिए बैठ गए । कुछ देर बाद विष्णुदास भी मंदिर में पूजा करने के लिए आए । विष्णुदास भगवान की भक्ति में मग्न हो जाता था । वह इतना मग्न हो जाता था की उसे आस-पास का ध्यान भी नहीं रहता था । विष्णुदास ने श्रीविष्णु सूक्त कहते हुए भगवान की मूर्ति को जल का स्नान कराना आरंभ कर दिया । उससे चोलराज ने जो वस्त्र और अलंकार भगवान को चढाए थे, वह पानी से भीग गए । बाद में विष्णुदास ने मूर्ति पर तुलसी के पत्ते और पुष्प अर्पण किए । उसके कारण मूर्ति पर पहले ही चोलराज ने अर्पण किए हुए सभी हीरे- मोती के अलंकार ढक गए । चोलराज वहीं बैठा था । विष्णुदास की यह कृति देखकर उसे क्रोध आया । चोलराज बोले, "तुम्हारे फूलों के कारण मैंने अर्पण किए हुए हीरे और अलंकार दिखाई नहीं दे रहे हैं । तब विष्णुदास बोले, "भगवान को हीरे-मोतियों का मोह नहीं होता । भगवान भक्ति के भूखे होते हैं ।" यह सुनकर राजा को अत्यधिक क्रोध आया । वह बोला, "हे दरिद्री ब्राह्मण, तुम्हे अपने भक्ति का अहंकार हो गया है । भक्ति की बाते करते हो, तो यह बताओ की, तुम ने अब तक कितने मंदिर बनाए हैं अथवा कितना दान धर्म किया है " इस पर विष्णुदास ने कोईभी उत्तर नहीं दिया । वह शांती से खडे थे । यह देख चोलराज ने विष्णुदास को आव्हान दिया । उन्होंने कहा, "भगवान विष्णु जिसको सबसे पहले दर्शन देंगे, वही भगवान श्रीविष्णु जी का श्रेष्ठ भक्त होगा ।" विष्णुदास ने गर्दन झुकाकर यह बात स्वीकारी । चोलराज सम्राट था । वह ऐश्वर्य संपन्न था । उसने अनेक ऋषि-मुनियों को बुलाया । विष्णु जी को शीघ्रातिशीघ्र प्रसन्न करने के लिए अपने संपत्ति की जोर पर यज्ञ, याग, हवन करके प्रयास करने लगा । स्वयं की संपत्ति और साधना इन दोनों का चोलराज को अहंकार हो गया था । दूसरी ओर निर्धन विष्णुदास तो केवल भगवान का अधिकाधिक नामजप कर सकता था । वह पूरा समय नामस्मरण करता रहता । अखंड नामजप के कारण धीरे-धीरे विष्णुदास के आचार-विचारों में बदलाव होने लगा । विष्णुदास पशु, मनुष्य, वस्तुएं आदि सभी में भगवान को देखने लगा । साधना करने के लिए अधिकाधिक समय मिले, इसलिए विष्णुदास दिन में एक बार ही भोजन ग्रहण करने लगा । ऐसे करते हुए समय बीत गया । एक दिन विष्णुदास ने प्रतिदिन की भांति स्वयं के लिए रोटियां बनाई; परंतु कुछ ही देर पहले बनाई रोटियां थाली से गायब हो गई । विष्णुदास ने सोचा, "अब पुन: रोटियां बनाने के लिए बैठूंगा, तो साधना खंडित हो जाएगी ।" साधनाखंडित न हो, इसलिए उस दिन विष्णुदास ने उपवास कर लिया । दूसरे दिन पुन: वही हुआ । उसकी बनाई हुई रोटियां गायब हो गई । ऐसा 7 दिन तक होता रहा । तब विष्णुदास ने सोचा, यह जो घटित हो रहा है, वह जानकर लेना आवश्यक है । दुसरे दिन रोटियां थाली से गायब होने का कारण जानने के लिए विष्णुदास ने रोटियां बनाकर थाली में रख दी और स्वयं एक कोने में जाकर बैठ गया ।

# असीमित संभावनाओं वाली मैत्री

*भारत को एक स्वतंत्र शक्ति केंद्र, विश्वसनीय लोकतंत्र और बड़े आर्थिक अवसर के रूप में अगर किसी ने सबसे पहले मान्यता देना आरंभ किया तो यह फ्रांस ही था। फ्रांस में सतत रूप से यह सहमति रही है कि अगर यूरोपीय संघ को अमेरिका और चीन से अलग अपनी पहचान एवं साख बनानी है तो भारत का साथ अनिवार्य है। इन्हीं भावनाओं की ताजा अभिव्यक्ति मैक्रों के भारत दौरे पर दिखी। मैक्रों ने कहा कि दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत से लेकर प्रौद्योगिकी के स्तर तक 'किसी भी प्रकार के वर्चस्व के विरुद्ध हैं।' उन्होंने अपने संबंधों की तुलना 'संप्रभु गठबंधन' से भी की।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी संदर्भ में कहा कि दोनों देश 'बहुध्रुवीय विश्व' में विश्वास रखते हैं और उस ध्येय की प्राप्ति के लिए प्रयासरत भी हैं। इसका यही मर्म है कि फ्रांस और भारत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे, ताकि वे अमेरिका या चीन की राह पर ही चलने को विवश न हों। संभव है कि ये किसी तीसरे विकल्प का ही मार्ग प्रशस्त करें। तीसरे विकल्प की संभावनाएं अकारण भी नहीं हैं। हाल के दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का यूरोप के प्रति अपमानजनक रवैया और चीन की आक्रामक व्यापार नीतियों ने यूरोप को आहत किया है। इससे भी फ्रांस के तीसरे विकल्प की आकांक्षा को बल मिला है।सामरिक मोर्चे पर भी भारत-फ्रांस रिश्ते उड़ान भर रहे हैं। इसे इससे आंका जा सकता है कि आज फ्रांस रूस के बाद भारत को हथियार आपूर्ति करने वाला दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। लड़ाकू विमानों, पनडुब्बियों और इंजनों की बिक्री और संयुक्त उत्पादन के लिए जिस गति से समझौते हो रहे हैं, उसे देखते हुए आने वाले वर्षों में अगर फ्रांस रूस को पीछे छोड़कर पहले पायदान पर पहुंच जाए तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। चीन की काट और एशिया में शक्ति संतुलन के लिए भारत के साथ फ्रांस द्वारा सह-निर्मित और सह-उत्पादित राफेल विमान, एच 125 हेलीकाप्टर, हैमर प्रक्षेपास्त्र, स्कार्पीन पनडुब्बियां और पांचवीं पीढ़ी के जेट इंजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।*



मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की जागिंग केवल एक प्रमुख राष्ट्राध्यक्ष की कसरती कवायद न होकर भारत-फ्रांस संबंधों की गतिशीलता का भी प्रतीक रही। इन दो सदाबहार मित्र देशों के रिश्ते निरंतर प्रगाढ़ होते जा रहे हैं। द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' का नया दर्जा दिया जाना ही दर्शाता है कि पेरिस और नई दिल्ली के बीच तालमेल कितना व्यापक और बहुआयामी होता जा रहा है। दोनों देशों के रिश्ते समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण है विदेश नीति में रणनीतिक स्वायत्तता को प्राथमिकता देना।

यहां तक कि शीत युद्ध के दौरान जब पश्चिमी देशों ने गुटनिरपेक्ष भारत के प्रति शंकालु रवैया रखते हुए उपेक्षा की नीति अपनाई थी, तब भी फ्रांस नाटो के अन्य सदस्यों के मुकाबले भारत के प्रति सहिष्णुता रखता था, क्योंकि फ्रांस अमेरिका के दबाव में रहकर निर्णय नहीं लेना चाहता था। भारत द्वारा 1998 में परमाणु परीक्षण के बाद फ्रांस इकलौती पश्चिमी शक्ति थी, जिसने नई दिल्ली पर आर्थिक प्रतिबंध नहीं लगाए थे। इतना ही नहीं, उसने परमाणु ऊर्जा सहयोग में भी कोई कमी भी नहीं आने दी थी।

भारत को एक स्वतंत्र शक्ति केंद्र, विश्वसनीय लोकतंत्र और बड़े आर्थिक अवसर के रूप में अगर किसी ने सबसे पहले मान्यता देना आरंभ किया तो यह फ्रांस ही था। फ्रांस में सतत रूप से यह सहमति रही है कि अगर यूरोपीय संघ को अमेरिका और चीन से अलग अपनी पहचान एवं साख बनानी है तो भारत का साथ अनिवार्य है। इन्हीं भावनाओं की ताजा अभिव्यक्ति मैक्रों के भारत दौरे पर दिखी। मैक्रों ने कहा कि दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत से लेकर प्रौद्योगिकी के स्तर तक 'किसी भी प्रकार के वर्चस्व के विरुद्ध हैं।' उन्होंने अपने संबंधों की तुलना 'संप्रभु गठबंधन' से भी की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी संदर्भ में कहा कि दोनों देश 'बहुध्रुवीय विश्व' में विश्वास रखते हैं और उस ध्येय की प्राप्ति के लिए प्रयासरत भी हैं। इसका यही मर्म है कि फ्रांस और भारत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे, ताकि वे अमेरिका या चीन की राह पर ही चलने को विवश न हों। संभव है कि ये किसी तीसरे विकल्प का ही मार्ग प्रशस्त करें। तीसरे विकल्प की संभावनाएं अकारण भी नहीं हैं। हाल के दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का यूरोप के प्रति अपमानजनक रवैया और चीन की आक्रामक व्यापार नीतियों ने यूरोप को आहत किया है। इससे भी फ्रांस के तीसरे विकल्प की आकांक्षा को बल मिला है।

सामरिक मोर्चे पर भी भारत-फ्रांस रिश्ते उड़ान भर रहे हैं। इसे इससे आंका जा सकता है कि आज फ्रांस रूस के बाद भारत को हथियार आपूर्ति करने वाला दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। लड़ाकू विमानों, पनडुब्बियों और इंजनों की बिक्री और संयुक्त उत्पादन के लिए जिस गति से समझौते हो रहे हैं, उसे देखते हुए आने वाले वर्षों में अगर फ्रांस रूस को पीछे छोड़कर पहले पायदान पर पहुंच जाए तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। चीन की काट और एशिया में शक्ति संतुलन के लिए भारत के साथ फ्रांस द्वारा सह-निर्मित और सह-उत्पादित राफेल विमान, एच 125 हेलीकाप्टर, हैमर प्रक्षेपास्त्र, स्कार्पीन पनडुब्बियां और पांचवीं पीढ़ी के जेट इंजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

यह भी ध्यान रहे कि फ्रांस चीन या पाकिस्तान को कोई भी मारक हथियार नहीं बेचता है, जबकि रूस चीन को अत्याधुनिक अस्त्र-शस्त्र देता आ रहा है। फ्रांस-भारत द्विपक्षीय सैन्य सहयोग अस्त्रों तक भी सीमित नहीं है। उभरती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों देशों ने 'संयुक्त उन्नत प्रौद्योगिकी विकास समूह' स्थापित किया है, ताकि विरोधियों पर सैन्य प्रतिस्पर्धी बढ़त बनाए रखी जा सके। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का यह दावा कि हमारी आपसी साझेदारी 'गहरे महासागरों से लेकर सबसे ऊंचे पहाड़ों तक' असीमित रूप से आगे बढ़ सकती है, अतिशयोक्ति नहीं है।

नवाचार एक और क्षेत्र है, जिसमें फ्रांस और भारत कई महत्वाकांक्षी पहल कर रहे हैं। इस क्रम में 'भारत-फ्रांस नवाचार संघ' दोनों देशों के विज्ञानियों, शोधकर्ताओं, व्यापारियों और उद्यमियों के लिए अपार संभावनाओं के द्वार खोलेगा। एआइ, अंतरिक्ष और विमानन जैसे क्षेत्रों में फ्रांस और भारत की सक्रियता बढ़ रही है। एआइ के महाकुंभ कहे जाने वाले शिखर सम्मेलनों की शुरुआत भी फ्रांस और भारत ने ही की थी। दोनों पक्ष 'एआइ के लोकतंत्रीकरण' और 'वैश्विक एआइ की खाई को पाटने' जैसे सिद्धांतों को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत जैसे विकासशील देश को अगर वैश्विक स्तर पर 2047 तक शीर्ष तीन एआइ महाशक्तियों में शामिल होने के मोदी के संकल्प को साकार करना है तो इसमें फ्रांस और अन्य विकसित एवं वैज्ञानिक रूप से उन्नत देशों की सहभागिता बहुमूल्य होगी। चूंकि फ्रांस की आवाज को यूरोपीय संघ की आवाज भी माना जाता है तो उसके साथ प्रगाढ़ होती मित्रता के भारत के लिए गहरे गुणात्मक प्रभाव भी होंगे। बीते दिनों यूरोपीय संघ के साथ हुआ बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौता इसकी एक बानगी रहा। अफ्रीका में भी फ्रांस नए सिरे से अपने छवि को ढालने की कोशिश कर रहा है और भारत के साथ त्रिकोणीय सहयोग से तमाम पहलों को अमल में लाने का इच्छुक है।

## सम्पादकीय

### खाने की कीमत पूरी लेकिन थाली में भरोसे की कमी




भारतीय रेलवे के बारे में अक्सर यह दावा किया जाता है कि इसके समग्र संचालन को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा के समकक्ष बनाया जाएगा। मगर हकीकत यह है कि हादसों, सफर के दौरान निर्धारित समय पर गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने से लेकर ट्रेन के भीतर साफ-सफाई और खानपान के मामले में कई बार स्थिति बेहद दयनीय और खराब दिखती है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जिन ट्रेनों को विशेष सुविधा वाला बताया जाता है, उनमें परोसा गया भोजन भी अक्सर खराब निकल जाता है और यात्री ठगे-से रह जाते हैं। खबरों के मुताबिक, हर रोज पैंतीस से ज्यादा लोग रेलवे के खराब खाने को लेकर शिकायत करते हैं। खाने में तिलचट्टा, दूसरे कीड़ों या अखाद्य वस्तुओं के मिलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। साथ ही, भोजन की मात्रा और तय कीमतों से ज्यादा राशि वसूलने की समस्या भी आम देखी जा सकती है। सवाल है कि अगर उच्च गुणवत्ता और सेवा का दावा करके खाने-पीने के मामले में भी लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, तो उसे कैसे देखा जाएगा। सफर के दौरान यात्री थोड़ी सुविधा के लिए ट्रेन में मिलने वाला खाना पैसा चुका कर लेना चाहते हैं। कई ट्रेनों में सफर के दौरान टिकट के साथ खाने-पीने के सामान के लिए राशि चुकाने का भी विकल्प है। मगर विडंबना यह है कि पूरी कीमत चुकाने के बावजूद कई लोगों की थाली में ऐसा खाना होता है, जिसे खाया नहीं जा सकता। ट्रेनों में मिलने वाले खराब खाने को लेकर आए दिन शिकायतें आती रहती हैं और कई बार विवाद भी होते हैं। ऐसी खबरें भी सामने आई, जिनमें भोजन के खराब होने पर आपत्ति जताने पर ट्रेन में मौजूद कर्मियों ने यात्री से दुर्व्यवहार किया। खुद सरकार ने पिछले वर्ष जुलाई में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया था कि 2024-25 के दौरान खाने-पीने के सामान की खराब गुणवत्ता के संबंध में 6,645 शिकायतें मिलीं। जबकि 2021 से अगले चार वर्षों में रेलवे को इस तरह की कुल 19,174 शिकायतें मिलीं। ऐसे भी मामले होंगे, जिनमें किसी यात्री को खराब भोजन मिला, लेकिन उसने औपचारिक शिकायत नहीं की। हालांकि रेल महकमे में कहने को एक ढांचा है, जिसके तहत गुणवत्ता में सुधार के लिए डिजाइन किए गए रसोई से खाना बनवाने और ट्रेनों तक पहुंचाने से लेकर खाना बनाने पर निगरानी, खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक की तैनाती और अच्छी सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने का दावा किया जाता है। इसके अलावा, अगर खाने में अस्वच्छता या मिलावट पाई जाती है, खाना खराब हो, तो यात्री शिकायत करते हैं। कई मामलों में कार्रवाई भी होती है, जिसमें जुर्माना लगाना, अनुशासनात्मक कार्रवाई, काउंसलिंग करना और चेतावनी देना शामिल है। खराब खाने की शिकायत के बाद भोजन की आपूर्ति करने वालों पर जुर्माना लगाने की खबरें आती हैं, लेकिन कुछ समय बाद फिर सब पहले की तरह चलता रहता है। सवाल है कि रेल मंत्रालय इसमें सुधार को लेकर कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाता कि ट्रेन में मिलने वाले भोजन की स्वच्छता और गुणवत्ता को लेकर यात्री पूरी तरह आश्वस्त रहें।

# जमीनी हकीकत से कटे कम्युनिस्ट

*बीते कुछ समय से गृह मंत्री अमित शाह लगातार कह रहे हैं कि हम 31 मार्च, 2026 तक वामपंथी उग्रवाद यानी माओवाद खत्म कर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिस गति से उनका दायरा सिमट रहा है, उससे साफ है कि केंद्र सरकार अपने निर्धारित लक्ष्य को पाने में सफल हो सकती है। एक अनुमान के अनुसार माओवादी हिंसा के चलते देश में करीब 12 हजार लोगों की जान जा चुकी है। इनमें नागरिक, सुरक्षाकर्मी और माओवादी हिंसक तत्व शामिल हैं। अन्य स्रोत यह आंकड़ा कुछ अधिक ही बताते हैं। माओ ने जब भारतीय कम्युनिस्टों से कहा था कि अपने देश की स्थिति के अनुसार काम करो तो अतिवादी कम्युनिस्टों को इसका आकलन करना चाहिए था कि भारत जैसे देश में सैन्यवाद की सफलता की कितनी गुंजाइश है? भारत में एक मजबूत संसदीय शासन व्यवस्था है और सेना एवं अर्धसैनिक बलों को पराजित करना संभव नहीं। भारत की स्थिति न तो 1917 के रूस जैसी है और न ही 1949 के चीन जैसी। 1917 में लेनिन और उनके दल ने हथियारों के बल पर रूस में कम्युनिस्ट शासन की स्थापना की*

कार्ल मार्क्स ने कहा था, ईश्वर का शुक्र है कि मैं मार्क्सवादी नहीं हूं। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के चेयरमैन माओत्से तुंग ने 1967 में उनसे मिलने गए नक्सली नेता कानू सान्याल और तीन अन्य से कहा था, 'यहां आपने जो भी सीखा, उसे भूल जाएं और अपने देश की स्थिति के अनुसार काम करें।' दुर्भाग्य से विभिन्न धाराओं में बंटे हमारे कम्युनिस्ट दलों और उनके नेताओं ने मार्क्स और माओत्से तुंग की बातों पर अमल नहीं किया। नतीजतन गत सौ वर्षों में उन्होंने पाया कम और खोया अधिक। अब वे मुख्यत: केरल में प्रभावी रह गए हैं। अभी हाल में कुछ मजदूर संगठनों के साथ अधिकतर वामपंथी संगठनों ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में जब भारत बंद बुलाया तो उसका असर केवल केरल में ही दिखा।

कुछ समय पहले जब भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की स्थापना के सौ वर्ष पूरे हुए तो देश में कोई हलचल नहीं हुई। यदि भाकपा ने देश के सामाजिक तानेबाने और जमीनी हकीकत को ध्यान में रखते हुए अपनी कार्यनीति बनाई होती तो आज वे इतने दुबले नहीं होते। भाकपा का विभाजन 1964 में हुआ और उससे टूटकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) बनी। विभाजन का आधार कोई भारतीय समस्या नहीं, बल्कि चीन के प्रति भारतीय कम्युनिस्टों के एक बड़े हिस्से का रुख था। 1967 में कम्युनिस्टों से निकले नक्सलियों ने नारा दिया-चीन का चेयरमैन हमारा चेयरमैन और सत्ता बंदूक की नली से निकलती है। ऐसे नारे लगाने वाले अतिवादी कम्युनिस्टों की हिंसक जमात भी कई टुकड़ों में बंटी। दशकों तक नेपाल से लेकर आंध्र तक हथियारों के बल पर लाल गलियारा बनाने की कोशिश में हजारों जानें गईं।



बीते कुछ समय से गृह मंत्री अमित शाह लगातार कह रहे हैं कि हम 31 मार्च, 2026 तक वामपंथी उग्रवाद यानी माओवाद खत्म कर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिस गति से उनका दायरा सिमट रहा है, उससे साफ है कि केंद्र सरकार अपने निर्धारित लक्ष्य को पाने में सफल हो सकती है। एक अनुमान के अनुसार माओवादी हिंसा के चलते देश में करीब 12 हजार लोगों की जान जा चुकी है। इनमें नागरिक, सुरक्षाकर्मी और माओवादी हिंसक तत्व शामिल हैं। अन्य स्रोत यह आंकड़ा कुछ अधिक ही बताते हैं। माओ ने जब भारतीय कम्युनिस्टों से कहा था कि अपने देश की स्थिति के अनुसार काम करो तो अतिवादी कम्युनिस्टों को इसका आकलन करना चाहिए था कि भारत जैसे देश में सैन्यवाद की सफलता की कितनी गुंजाइश है? भारत में एक मजबूत संसदीय शासन व्यवस्था है और सेना एवं अर्धसैनिक बलों को पराजित करना संभव नहीं। भारत की स्थिति न तो 1917 के रूस जैसी है और न ही 1949 के चीन जैसी। 1917 में लेनिन और उनके दल ने हथियारों के बल पर रूस में कम्युनिस्ट शासन की स्थापना की थी। इसी तरीके से माओत्से तुंग ने 1949 में चीन में कम्युनिस्ट शासन कायम किया। हथियार उठाने की जगह भारत के अतिवादी कम्युनिस्ट लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़कर सफलता पा सकते थे, क्योंकि कभी उन्होंने बड़ी संख्या में युवकों को आकर्षित किया था, पर चुनाव लड़ने वाली भाकपा और माकपा भी अपनी गलत रणनीतियों और भारतीय समाज के बारे में अपनी नासमझी के कारण अंतत: दुबली होती चली गईं। बंगाल और त्रिपुरा से वाम मोर्चा का सफाया हो चुका है। अगले विधानसभा चुनाव में वाम मोर्चे को केरल में भी कड़ी चुनौती मिल सकती है। बंगाल में वाम मोर्चा सरकार ने शुरुआती दिनों में भूमि सुधार के क्षेत्र में अच्छे काम किए, पर उसके बाद उसने जो कुछ किया, वह सब उत्पादक साबित नहीं हुआ।

# एआई क्रांति की चुनौतियां

जब एआइ इंपैक्ट समिट के कारण भारत देश-दुनिया के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, तब यह अच्छा नहीं हुआ कि इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के एक्सपो में एक निजी यूनिवर्सिटी ने चीनी रोबोटिक डाग को अपना बताकर प्रस्तुत कर दिया। देश को असहज करने वाली गलगोटिया यूनिवर्सिटी को एक्सपो से बाहर का रास्ता दिखाकर बिल्कुल सही किया गया। यह स्वाभाविक है कि विदेशी मीडिया माध्यम इस प्रकरण को तूल देने में जुट गए, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि अपने ढंग के विशिष्ट इस वैश्विक सम्मेलन की महत्ता को अनदेखा कर दिया जाए। इतना अवश्य है कि उक्त प्रकरण से भारत सरकार को चेत जाना चाहिए और यह




सुनिश्चित करना चाहिए कि एआइ तकनीक विकसित करने के नाम पर नकल न होने पाए और न ही इस क्षेत्र की कंपनियां विदेशी कंपनियों पर आश्रित होने पाएं। आज जब दुनिया एआइ क्रांति के मुहाने पर है एवं भारत इस क्षेत्र की तीसरी सबसे सक्षम शक्ति बनने की तैयारी कर रहा है और इसी कारण दुनिया भर की नामी एआइ कंपनियां देश में दिलचस्पी लेने के साथ भारी निवेश भी कर रही हैं, तब फिर सरकार को एआइ क्रांति की चुनौतियों से सावधान रहने के साथ उससे उत्पन्न हो रहे अवसरों को भुनाने के लिए कोई ठोस रूपरेखा बनानी चाहिए। यह ठीक है कि सरकार की ओर से एआइ के उपयोग और उससे मिलने वाले लाभों के बारे में बताया जा रहा है, लेकिन उसे कैसे, किन क्षेत्रों में और किस सावधानी के साथ अमल में लाना है, इसका खाका बनाने का काम टेक्नोक्रेट को करना चाहिए, ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग से लेकर शासन-प्रशासन में इस तकनीक के उपयोग को लेकर पूरी तरह स्पष्टता रहे। एआइ क्षेत्र की भारतीय कंपनियों को इस तथ्य से परिचित होना आवश्यक है कि भाषाई एवं सामाजिक विविधता और आर्थिक विषमताओं के कारण उन्हें एआइ टूल्स अलग तरह से विकसित करने होंगे। इस तकनीक का न केवल भारतीयकरण होना चाहिए, बल्कि उसे अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रभुत्व से मुक्त भी होना चाहिए। ऐसा होने पर ही एआइ सर्वजन हिताय और बहुजन सुखाय के मंत्र को सिद्ध कर सकेगी। भारत को इस तकनीक की खपत के केंद्र के रूप में नहीं, बल्कि उसके शोध एवं विकास में आत्मनिर्भर देश के रूप में उभरने का संकल्प लेना होगा। इस संकल्प की सिद्धि संभव है,

# 5 साल से कीचड़ में डूबा वेरा रामपुराः जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शिवगंज तहसील की वेरा जेतपुरा ग्राम पंचायत अंतर्गत वेरा रामपुरा गांव पिछले चार से पांच वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में बदहाल स्थिति का सामना कर रहा है। गांव की अधिकांश गलियां गंदगी, कीचड़ और जलभराव से अटी पड़ी हैं, जिससे ग्रामीणों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। हालात यह हैं कि बरसात ही नहीं, बल्कि सामान्य दिनों में भी गलियों में जमा गंदा पानी लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में सीसी सड़क एवं पक्की नालियों का अभाव होने के कारण जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। रामदेवजी मंदिर से श्मशान घाट जाने वाला मुख्य मार्ग, विद्यालय के पास की



सड़क तथा रबारी वास क्षेत्र की गलियां लंबे समय से जलभराव की चपेट में हैं। इस कारण आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और कई बार वाहन चालकों एवं पैदल राहगीरों को फिसलने जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ा है। विद्यालय जाने वाले बच्चों के लिए स्थिति और अधिक गंभीर बनी हुई है। उन्हें प्रतिदिन कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे कपड़े खराब होने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की आशंका भी बनी रहती है। अभिभावकों का कहना है कि इस स्थिति का बच्चों की पढ़ाई पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीण महिलाओं ने भी नाराजगी जताते हुए बताया कि समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि चुनाव के समय किए गए विकास के वादे आज भी अधूरे पड़े हैं। गांववासियों ने जिला प्रशासन एवं पंचायती राज विभाग से मांग की है कि शीघ्र ही गांव में सीसी सड़क निर्माण, पक्की नालियों का निर्माण एवं स्थायी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों से मौके पर आकर निरीक्षण करने की भी अपील की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे। फिलहाल वेरा रामपुरा की बदहाल गलियां प्रशासन एवं पंचायत व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई हैं।

### समस्या एक नजर में:

पिछले 4-5 वर्षों से गलियों में जलभराव की स्थिति सीसी सड़क एवं पक्की नालियों का अभाव स्थायी जल निकासी व्यवस्था नहीं स्कूल जाने वाले बच्चों को आवागमन में परेशानी गंदगी से स्वास्थ्य संबंधी खतरा कई बार शिकायत के बावजूद समाधान नहीं

### यह है ग्रामीणों की प्रमुख मांगें:

गांव में सीसी सड़क का निर्माण पक्की नालियों की व्यवस्था स्थायी जल निकासी प्रणाली विकसित की जाए संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर निरीक्षण जल्द समस्या का स्थायी समाधान ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। अब गांववासियों की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## कृषि कुएं पर अवैध रंगाई-धुलाई संयंत्र पकड़ा, 300 बीघा फसल को दूषित पानी से सिंचाई का खुलासा



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के भाचुंदा सरहद में प्रशासन ने कृषि कुएं पर संचालित अवैध रंगाई व कपड़ा धुलाई संयंत्र का भंडाफोड़ किया है। तखतगढ़ उप तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल ने कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई। जानकारी के अनुसार, सुमेरपुर उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार के निर्देश पर कार्रवाई की गई। सूचना मिली थी कि पाली की एक फैक्ट्री से ट्रक के जरिए माल लाकर भाचुंदा क्षेत्र में कृषि कुएं पर कपड़ों की धुलाई व रंगाई का कार्य किया जा रहा है। इस पर उप तहसीलदार के नेतृत्व में टीम ने तखतगढ़ थाने के हेड कांस्टेबल पदमाराम मय जाब्ता के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। प्राथमिक जांच में सामने आया कि पाली शहर में सख्ती के बाद सक्रिय गिरोह ने गांवों का रुख कर लिया था और लंबे समय से कुओं पर अवैध रूप से कपड़ा रंगाई का कार्य कर रहा था। संयंत्र से निकलने वाले रंगीन पानी का उपयोग आसपास की लगभग 300 बीघा गेहूं की फसल में सिंचाई के लिए किए जाने की आशंका भी जताई गई है, जिससे फसल और भूमि की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। मौके पर अवैध विद्युत कनेक्शन भी पाया गया। इस संबंध में कोसेलाव डिस्कॉम के जेईएन अजयपाल सिंह को सूचित किया गया। सूचना पर पहुंचे लाइनमैन ने अवैध कनेक्शन को तत्काल प्रभाव से काट दिया। चाणोद चौकी प्रभारी जस्साराम तथा भू-अभिलेख निरीक्षक कन्हैयालाल की मौजूदगी में विद्युत केबल जब्त की गई। उप तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल ने मामले की सूचना पाली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी (आरओ) अमित सोनी को भी दे दी है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से आगे की जांच और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियां संचालित करने वालों में हड़कंप मच गया।

## घर बसाने का आशियाना बना पुलिस थाना

### महिला थाना अधिकारी मुंनेशी मीणा के प्रयासों से बिछड़े दिल हुए एक

**सीकर(निस)।** पुलिस थाना, जहाँ आमतौर पर शिकायत, कार्यवाही और कानून की कठोर प्रक्रिया होती है, वहीं सीकर के महिला थाने में इन दिनों रिश्तों की एक नई इबारत लिखी जा रही है। यहाँ कानून का डंडा नहीं, बल्कि समझाइश का सहारा लेकर बिखरते परिवारों को नई जिंदगी दी जा रही है।इस मुहिम की अगुआई कर रही हैं महिला थाना अधिकारी मुंनेशी मीणा। उनके लगातार प्रयासों से पति-पत्नी के उलझे हुए मामले अब थाना स्तर पर ही सुलझ रहे हैं और न्यायालय के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे। ताजा मामला दो वर्षों से अलग रह रहे एक दंपती का है। मरजीना बानो पत्नी मोहम्मद वसीम निवासी बैसवा फतेहपुर हाल निवास खटीकान प्याऊ सीकर पिछले दो साल से आपसी मनमुटाव और झगड़ों के चलते अलग-अलग रह रहे थे। परिवार टूटने की कगार पर था, तभी महिला थाना पहुंची यह शिकायत एक नए अध्याय की शुरुआत बन गई। थाना अधिकारी मुंनेशी मीणा ने केवल एक पुलिस अधिकारी की भूमिका नहीं निभाई, बल्कि एक काउंसलर की तरह दोनों पक्षों की बात सुनी। कई दिनों तक चली समझाइश और काउंसलिंग के बाद आखिरकार वह दिन आया, जब मरजीना और मोहम्मद वसीम ने एक-दूसरे से हाथ मिलाकर फिर से साथ रहने का फैसला किया। इस सुलह के बाद पति-पत्नी और उनके परिजनों की खुशी का ठिकाना न रहा। उन्होंने महिला थाना अधिकारी मीणा और संपूर्ण महिला थाना स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारी ने न केवल उनका रिश्ता बचाया, बल्कि दो बच्चों का भविष्य भी संवार दिया। गौरतलब है कि महिला थाना अधिकारी मुंनेशी मीणा पिछले काफी समय से पारिवारिक विवादों को अदालत तक जाने से पहले थाने में ही निपटाने की अनूठी पहल कर रही हैं। उनके इन प्रयासों से जहां कई बिछड़ते परिवार एक हो रहे हैं, वहीं पुलिस महकमे में भी उनके इस मानवीय दृष्टिकोण की जमकर सराहना हो रही है। मुंनेशी मीणा साबित कर रही हैं कि पुलिस की वर्दी सिर्फ कानून का पालन कराने के लिए नहीं होती, बल्कि उसमें रिश्तों को सींचने की भी ताकत होती है।

## प्रिंस एकेडमी का डंकाः म्यूजिकल बैंड को मिला 2 लाख का नकद पुरस्कार

### ड्रोन बनाने वाले छात्र को 21 हजार का इनाम

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** जयपुर-बीकानेर बाईपास स्थित सीबीएसई स्कूल प्रिंस एकेडमी ने एक बार फिर शिक्षा और कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। स्कूल के म्यूजिकल बैंड ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न सिर्फ स्कूल का नाम रोशन किया, बल्कि 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार हासिल कर इतिहास रच दिया। प्रिंस एकेडमी परिसर में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में बैंड टीम के मेहनती कलाकारों को इस शानदार उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक एम.आर. अग्रवाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान, एकेडमिक हेड धर्मपाल सिंह, जयपाल सिंह और बैंड इंस्ट्रक्टर कैप्टन के.सी. भट्ट ने संयुक्त रूप से बैंड टीम को 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंट किया। वहीं, विज्ञान के क्षेत्र में भी प्रिंस एकेडमी के छात्र पीछे नहीं हैं। विज्ञान प्रदर्शनी के दौरान ड्रोन का सफल मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले कक्षा 10वीं के होनहार छात्र नमन को 21,000 रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। उसकी इस उपलब्धि ने स्कूल के अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का काम किया है। इस गौरवशाली अवसर पर स्कूल के समस्त कोऑर्डिनेटर्स, फैकल्टी सदस्य और हजारों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल जहां एक तरफ जोश और उत्साह से भरा था, वहीं छात्रों की उपलब्धियों को देखकर गर्व का अनुभव भी हुआ। स्कूल प्रशासन ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आज तीन घण्टे विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा क्षेत्र में शुक्रवार को 132 केवी मंडावा - कायमसर रेलवे लाइन का काम होने के कारण सुबह आठ से 11 बजे तक मंडावा, हेतमसर, सदिनसर जीएसएस की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी मण्डावा विद्युत निगम के कनिष्ठ अभियन्ता अजय जांगिड़ने दी।

## एसपी विकास सांगवान ने किया बाड़ी कोतवाली, बसेड़ी व कंचनपुर थानों का औचक निरीक्षण

### मालखाना, बैरक व रिकॉर्ड व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस )।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान (आईपीएस) ने गुरुवार को बाड़ी कोतवाली, बसेड़ी व कंचनपुर पुलिस थानों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोत, कम्प्यूटर कक्ष, मालखाना, रसोईघर, पुलिस बैरक सहित संपूर्ण थाना परिसर का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी सांगवान ने मालखाने का निरीक्षण करते हुए जब्त किए गए सामान की स्थिति, सुरक्षा एवं रिकॉर्ड व्यवस्था की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि मालखाने में पारदर्शिता और अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा सभी रिकॉर्ड अद्यतन रखे जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने थाना परिसर के रसोईघर का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की स्थिति देखी। पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्यवर्धक, स्वच्छ व संतुलित भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही पुलिस कर्मचारियों के आवासीय बैरकों की स्थिति का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, मरम्मत व आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। एसपी ने पुलिसकर्मियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए थानों में खेलकूद व मनोरंजन सुविधाएं प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य के तनाव के बीच सकारात्मक वातावरण विकसित हो सके। आमजन के साथ पुलिस के व्यवहार पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि थाने में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति सम्मान एवं संवेदनशीलता का पात्र है। शिकायतकर्ता, गवाह या आगंतुक–सभी के साथ जनसेवक की भावना से व्यवहार किया जाना चाहिए। थाना आमजन के लिए भरोसे एवं न्याय का पहला दरवाजा है, इसलिए व्यवहार में सहानुभूति और नरमी आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों पर त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने, रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने, परिसर की स्वच्छता बनाए रखने तथा महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों व बच्चों के साथ विशेष संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तीनों थानों के थानाधिकारी मय स्टाफ उपस्थित रहे।

## 8वें वेतन आयोग के नाम पर साइबर ठगी का नया जाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को निशाना बनाते हुए साइबर ठगों ने अब 8वें वेतन आयोग का सहारा लेना शुरू कर दिया है। राज्य साइबर पुलिस ने महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में विशेष एडवाइजरी जारी कर आमजन एवं विशेष रूप से सरकारी कर्मचारियों को सतर्क रहने की अपील की है। ठग व्हाट्सएप के माध्यम से सैलरी कैलकुलेटर का लालच देकर लोगों के बैंक खातों से रकम उड़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

**ऐसे रचा जा रहा है ठगी का जाल**

साइबर अपराधी सरकारी कर्मचारियों के व्हाट्सएप पर संदेश भेजकर दावा करते हैं कि 8वें वेतन आयोग के तहत उनकी सैलरी में भारी बढ़ोतरी होने वाली है। संदेश में बढ़ी हुई सैलरी की जानकारी प्राप्त करने के लिए एक सैलरी कैलकुलेटर का लिंक दिया जाता है। इस लिंक के जरिए एपीके फाइल डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है। जैसे ही कोई व्यक्ति इस फाइल को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करता है, उसके फोन का नियंत्रण गुप्त रूप से ठगों के पास चला जाता है। इसके बाद मोबाइल से ओटीपी, नेट बैंकिंग क्रेडेंशियल्स एवं अन्य निजी जानकारी चुराकर बैंक खाते से पैसे निकाल लिए जाते हैं।

**सरकार व्हाट्सएप पर नहीं भेजती फाइल**

साइबर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सरकार या कोई भी आधिकारिक विभाग वेतन संबंधी गणना के लिए व्हाट्सएप पर एपीके फाइल या कोई सॉफ्टवेयर नहीं भेजता है। अनवेरिफाइड स्रोत से ऐप डाउनलोड करना गंभीर जोखिम भरा हो सकता है। वेतन या पेंशन से संबंधित जानकारी केवल आधिकारिक सरकारी पोर्टल पर ही उपलब्ध होती है।

**रखें ये सावधानियां**

किसी भी अनजान नंबर से आए लुभावने मैसेज या लिंक पर क्लिक न करें।

संदिग्ध फाइल डाउनलोड करने के बजाय मैसेज को तुरंत डिलीट करें और नंबर को ब्लॉक करें।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कातर छोटी पंचायत समिति बीदासर जिला (चूरू)

क्रमाकंः-ग्रा.प.का./खु.बो.नी.सु./2025-26/261-64 दिनांकः- 16-02-2026

### खुली बोली नीलामी सुचना

ग्राम पंचायत कातर छोटी में निम्नलिखित ईंट खरंजो की सामग्री ( जैसी मौके पर स्थित है उसी स्थिति में) की नीलामी हेतु खुली बोली का आयोजन किया जायेगा।

1. ईन्ट खरजा भवरलाल के घर से सुरजापम प्रजापत के घर तक कातर छोटी
2. ईन्ट खरजा प्रहलाद प्रजापत के घर दीनदयाल के घर तक कातर छोटी
3. ईन्ट खरजा भवरलाल निम्बीवाल के घर से प्रकाश खाती के घर तक कातर छोटी

इन भवनो तथा ईंट खरंजो की सम्पुर्ण सामग्री की नीलामी के लिए ग्राम पंचायत कातर छोटी पंचायत भवन पर खुली बोली का आयोजन किया जायेगी। जिसमे इच्छुक बोली दाता खुली बोली लगाकर नीलामी मे भाग ले सकेगा।

**नोटः- नियम व शर्ते**

9. नीलामी हेतु आवेदन दिनांक 23.2.2026 को प्रातः 10.30 बजे से 12.00 बजे तक आवेदन लिए जायेंगे।
10. सामग्री की नीलामी दिनांक 23.2.2026 को 1.00 P.M. से 2.30 PM तक होगी।
11. नीलामी मे भाग लेने वाले व्यक्ति को आवेदन पत्र के साथ 200/- जमा करवाने होगें ।
12. यह कि उच्चतम बोली लगाने वाले बोलीदाता के नाम से नीलामी छोडी जायेगी।
13. जिसके नाम बोली छुटेगी उसे मौके पर ही नीलामी की 30 प्रतिशत राशि जमा करवानी होगी तथा शेष राशि अगले दिन को जमा करवानी होगी ।

नीलामी का समस्त अधिकार क्षेत्र ग्राम पंचायत कमेटी को होगा।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत कातर छोटी**
**पं. स. बीदासर (चूरू)**


## गणतंत्र दिवस पर चोरी हुई शिक्षक की बाइक का खुलासाः

# बाड़ी पुलिस ने बरामद कर लौटाया सहारा, विद्यालय परिवार ने किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** गणतंत्र दिवस के दिन हुई मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का बाड़ी कोतवाली पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए न केवल आरोपियों को गिरफ्तार किया, बल्कि चोरी गई बाइक को भी सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ित शिक्षक एवं विद्यालय परिवार में विश्वास की भावना मजबूत हुई है। जानकारी के अनुसार 26 जनवरी को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाड़ी में कार्यरत शिक्षक मनीष पचौरी की मोटरसाइकिल सेढपाड़ा क्षेत्र से चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना कोतवाली बाड़ी में मुकदमा संख्या 29/26 दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू करते हुए सीसीटीवी फुटेज एवं मैन्युअल सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की। बाड़ी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिलशाद उर्फ ढिल्लो (निवासी सरमथुरा) को चोरी के आरोप में तथा अंसार (निवासी सरमथुरा) को चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने के आरोप में गिरफ्तार किया। साथ ही चोरी गई मोटरसाइकिल को बरामद कर पीड़ित शिक्षक को सौंप दिया गया। पुलिस की इस सराहनीय कार्यवाही के उपलक्ष्य में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, किला गेट बाड़ी के शिक्षकगण थाना बाड़ी पहुंचे और थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार शर्मा सहित पुलिस टीम का माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान अनुसंधान अधिकारी नीरज शर्मा (सहायक उप निरीक्षक), जण्डैल सिंह (सहायक उप निरीक्षक), ओमप्रकाश (हेड कांस्टेबल), कांस्टेबल सुबै सिंह, आशाराम, मनोज शर्मा, देव सिंह मीणा व कृष्ण कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य हरिओम सिकरवार सहित शिक्षकों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खाकी वर्दी आमजन के लिए सुरक्षा एवं विश्वास का प्रतीक है।

## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम ने की कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार व पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की टीम ने नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में महेश नगर 80 फीट रोड़, वन्देमातरम सर्किल एवं भारत माता सर्किल से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 4 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 2 केन्टर सामान जब्त किया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में महेश नगर 80 फीट रोड़, वन्देमातरम सर्किल एवं भारत माता सर्किल से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 2 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 4 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम ने मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया

## नेता प्रतिपक्ष का अपमान देश का अपमान, माफी मांगें संसदीय कार्य मंत्रीः सचिन पायलट

जयपुर टाइम्स

**मुंबई(कासं)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संबंध में की गई टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हुए इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत बताया है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन नेता प्रतिपक्ष के लिए इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना निंदनीय है। मुंबई स्थित महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पायलट ने कहा कि विपक्ष का दायित्व सरकार से सवाल पूछना और उसकी जवाबदेही तय करना होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद में विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। पायलट ने कहा कि संबंधित मंत्री को अपनी टिप्पणी वापस लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान पायलट ने भारत-अमेरिका के बीच हुए व्यापारिक समझौते को भी किसान विरोधी बताते हुए इसकी आलोचना की। उनका कहना था कि यह समझौता देश के कृषि क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।


**Office of the Executive Engineer, Public Health Engineering Department, Division Ratangarh**

No.: EE/NIT/2025-26/ 2643 Date: 05.02 2026

**Notice Inviting Bid**

Bid of ARC for Water Bill Preparation and Distribution work and Regular maintenance of Centrifugal Monoblock Pump Set at various Pump House in UWSS Ratangarh under division Ratangarh Dist. Churu, are invited from interested bidders up to 24.02.2026, for other particulars/details of the bids may visit on the procurement portal(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and P.H.E.D. department website:
UBN NIT No.:50 PHE2526WSRC13516
UBN NIT No.:51 PHE2526W SOB 13521

**(Mahendra Kantiwal)**
**Executive Engineer**
**PHED Division Ratangarh**



## कार्यालय ग्राम पंचायत ढ़ाणी कालेरा पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक :- ग्रा.प./खु.नि./2025-26/119-124 दिनांक :- 18.02.2026

### खुली निविदा सूचना संख्या 06 (वित्तीय वर्ष 2025-26)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढाणी कालेरा के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुकजी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म / शर्तें कार्यालय में तथा SPPP पोर्टल पर उपलब्ध है।

| क्र. सं. | बोली का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रुपयें में) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रूपये में) | बोली प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड शुरू करने की दिनांक व समय | प्रोसोसिंग शुल्क निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की तिथि व समय | ऑफलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | ग्राम पंचायत ढाणी कालेरान के समस्त गावों में तीन माह हेतु घर-घर (आवासीय एवं व्यवसायिक) से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, सड़क, दूकानों के आगे सफाई, व नालीयों की सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य | 323676 | 6475 | 200 | दिनांक 19.02.2026 से सांय 06.00 बजे सें दिनांक 25.02.2026 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 25.02.2026 समय 02.00 बजे | दिनांक 25.02.2026 सांय 04.00 बजे |

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदा शुल्क, अमानत राशि का डी.डी./बैंकर चैक एवं अन्य वांछित दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न करने होंगे।
2. निविदा आमंत्रण की विस्तृत सूचना मय बोली दस्तावेज ग्राम पंचायत ढाणी कालेरा कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा व प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा प्रपत्र शुल्क व अमानत राशि का डी.डी./बैंकर चैक सरपंच ग्राम पंचायत ढाणी कालेरा, के नाम बनाना होगा।
4. किसी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।
5. बोलीदाता / संवेदक बंद लिफाफे पर ग्राम पंचायत ढाणी कालेरा का नाम लिखकर एवं टेण्डर की कॉपी नियमानुसार कार्यालय ग्राम पंचायत ढाणी कालेरा कार्यालय में जमा करावें।

**NIB Code** :- ZCR2526A1572, **UBN is** :- ZCR2526SSOB02727

**प्रशासक : ग्राम पंचायत ढ़ाणी कालेरा पंचायत समिति, बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी : ग्राम पंचायत ढ़ाणी कालेरा पंचायत समिति, बीदासर (चूरू)**





# क्या बॉन्ड गर्ल बनेंगी प्रियंका चोपड़ा?

## फिल्म में कास्टिंग को लेकर दिया हिंट

प्रियंका चोपड़ा की जल्द ही एक हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में वह जबरदस्त एक्शन कर रही हैं। फैंस उनके एक्शन के कायल हो गए हैं। इसी बीच प्रियंका चोपड़ा ने एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा की है। इसी दौरान उन्होंने 'बॉन्ड' सीरीज की अगली फिल्म को लेकर जिक्र किया। क्या वह सच में इसका हिस्सा हैं। जानिए, प्रियंका ने क्या कहा? और फैंस का इस बात पर क्या रिएक्शन रहा है?

### '007 बॉन्ड' सीरीज पर प्रियंका चोपड़ा ने क्या कहा?

वैरायटी को दिए गए हालिया इंटरव्यू में करियर को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने लंबी बातचीत की है। इस दौरान उन्होंने 007 बॉन्ड सीरीज की फिल्म को लेकर बड़ा हिंट दिया। वह कहती हैं, 'यह प्रोजेक्ट सच में ग्लोबल हो सकता है। मैं इस बात के लिए उत्साहित हूं कि मेकर्स कौन सा रास्ता चुनते हैं।' यह खबर सुनकर प्रियंका चोपड़ा के फैंस काफी खुश हैं। फैंस सोशल मीडिया पर प्रियंका चोपड़ा को बेस्ट बॉन्ड गर्ल बताने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं।

### प्रियंका चोपड़ा के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स क्या हैं?

प्रियंका चोपड़ा के करियर फ्रंट की बात करें तो वह हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' और राजामौली की पैन इंडिया फिल्म 'वाराणसी' का हिस्सा हैं। 'वाराणसी' फिल्म में प्रियंका चोपड़ा साउथ सुपरस्टार महेश बाबू के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म बड़े स्तर पर बन रही है। इस फिल्म की शूटिंग के लिए प्रियंका चोपड़ा लगातार भारत आ रही हैं। अब उनका नाम फिल्म '007 बॉन्ड' सीरीज को लेकर भी सामने आ रहा है। देखना होगा कि क्या सच में वह बॉन्ड गर्ल बनती हैं या नहीं।

## सिद्धांत चतुर्वेदी ने 'दो दीवाने सहर में' के साथ शुरू किया अपना रोमांटिक हीरो का सफर

सिद्धांत चतुर्वेदी अपने सिनेमाई सफर के एक नए अध्याय में कदम रख रहे हैं, जहां वह पहली बार पूरी तरह से रोमांटिक हीरो की भूमिका निभाते नजर आनेवाले हैं। फिलहाल फिल्म 'दो दीवाने सहर में' के जरिए वह अपने अब तक के इंटेंस और लेयर्ड किरदारों से अलग, संवेदनशील, आकर्षक और भावनात्मक अंदाज में दिखाई देंगे। कई लोग इसे उनका 'लवर बॉय एरा' भी कह रहे हैं। संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के साथ सिद्धांत एक ऐसे सिनेमा जगत में प्रवेश कर रहे हैं, जहां उन्हें 'भंसाली हीरो' की पहचान मिल रही है। ये वो दुनिया है, जहां प्रेम काव्यात्मक होता है, भावनाएं गहरी होती हैं और कहानी कहने के कई अंदाज होते हैं। ये कहें तो गलत नहीं होगा कि भंसाली से जुड़ा प्रोजेक्ट अपने आप में एक विरासत और भव्यता का प्रतीक माना जाता है, और इस जोन में सिद्धांत का आना उनके करियर के विस्तार और विकास का संकेत देता है। गौरतलब है कि फिल्म में पहली बार उनकी जोड़ी मृणाल ठाकुर के साथ बनी है, जो फिल्म की ताजगी को और भी खास बनाती है। फिलहाल दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को लेकर शुरुआती झलकियों ने ही दर्शकों में उत्सुकता बढ़ा दी है और सिद्धांत को रोमांटिक हीरो के तौर पर स्थापित कर दिया है। ऐसे में यह कहें तो गलत नहीं होगा कि 20 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही फिल्म 'दो दीवाने सहर में' से भंसाली हीरो के तौर पर सिद्धांत चतुर्वेदी की जगह पूरी तरह से पक्की हो गई है।

## डाकू में साथ दिखेंगे अदिवि शेष और पवन सिंह

पैन-इंडिया एक्शन फिल्म डाकू में अदिवि शेष और भोजपुरी इंडस्ट्री के मशहूर सिंगर पवन सिंह डांस करते नजर आएंगे। यह गाना तेलुगु, हिंदी और भोजपुरी सिनेमा की एक साथ झलक दिखाएगा। पवन सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, भाई भोजपुरी और तेलुगु जिंदाबाद। बता दें, मृणाल ठाकुर अपनी शूटिंग खत्म कर चुकी हैं और अदिवि शेष ने हाल ही में फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी है। इसके बाद डाकू इस साल की सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली एक्शन फिल्मों में शामिल हो गई है। अदिवि शेष के अलावा फिल्म में मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जबकि अनुराग कश्यप एक अहम किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन शनील देवो कर रहे हैं। डाकू को सुप्रिया यारलगड्डा ने प्रोड्यूस किया है। जबकि सुनील नारंग इसके को-प्रोड्यूसर हैं और फिल्म को अन्नपूर्णा स्टूडियोज प्रस्तुत कर रहा है। फिल्म की शूटिंग एक साथ हिंदी और तेलुगु में की गई है, जबकि इसकी कहानी और पटकथा अदिवि शेष और शनील देवो ने मिलकर लिखा है।





## मैं किसी की भी एक्ट्रेस जैसी नहीं पहली तान्या मित्तल बनना चाहूंगी

**तान्या मित्तल सोशल मीडिया पर और बिग बॉस 19 में अपने बड़बोलेपन को लेकर चर्चा में रही हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में अपने करियर को लेकर बातें साझा कीं। साथ ही किसी भी एक्ट्रेस को फॉलो ना करने की बात भी कही। तान्या मित्तल की इस बात पर यूजर्स ने भी रिएक्शन दिए हैं।**

तान्या मित्तल ने एक इंटरव्यू दिया। जिसमें वह कहती हैं, 'जब मैं बिग बॉस 19 से बाहर आई तो लोग सवाल करते थे कि आलिया भट्ट, करीना कपूर में से किसके जैसा बनना चाहोगी। तो मेरा जवाब होता था कि मैं किसी की जैसी नहीं बनना चाहूंगी। मैं पहली तान्या मित्तल बनना चाहूंगी।' तान्या के इस बयान पर कई यूजर्स ने उन्हें सपोर्ट किया। एक यूजर ने लिखा, 'तान्या क्वीन है।' एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'आप सबसे अच्छी है। हेटर्स को पता नहीं है कि उन सब की हेट से तान्या का फैनबेस और स्ट्रॉन्ग हो रहा है।' इसी तरह एक फैन ने कमेंट किया, 'आपको कोई और बनने की जरूरत नहीं है जैसा आपने कहा तान्या मित्तल बनो, हम आपको वैसे ही प्यार करते हैं, जैसी आप हैं।'

### तान्या को मिला एकता कपूर से ऑफर

तान्या के करियर फ्रंट की बात करें तो बिग बॉस 19 से बाहर आने के बाद वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। ब्रांड प्रमोशन कर रही हैं। वहीं रियलिटी शो बिग बॉस 19 में प्रोड्यूसर एकता कपूर ने भी तान्या को एक प्रोजेक्ट ऑफर किया था। जल्द ही वह उस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन सकती हैं।





## विशाल जेठवा ने जताई 'मर्दानी 4' में विलेन बनने की इच्छा

**विशाल जेठवा ने 'होमबाउंड' और 'मर्दानी 2' में शानदार अभिनय किया था। उनकी फिल्म 'होमबाउंड' तो ऑस्कर 2026 में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटिगरी में भी शॉर्टलिस्ट की गई थी। इस फिल्म में भी विशाल की एक्टिंग को फैंस ने काफी सराहा था। वहीं उन्होंने 'मर्दानी 2' में विलेन का रोल निभाया था। अब एक बार फिर विशाल विलेन का रोल निभाना चाहते हैं ।**


### विशाल ने की रानी मुखर्जी की तारीफ

हाल ही में विशाल जेठवा 'मर्दानी 3' की स्पेशल स्क्रीनिंग में रानी मुखर्जी से दोबारा मिले। 'मर्दानी 3' में रानी की एक्टिंग की तारीफ करते हुए विशाल ने कहा, 'मर्दानी 2' फिल्म मेरे लिए हमेशा बहुत खास रहेगी और रानी मैम भी। उनके साथ काम करना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा सीखने वाला अनुभव रहा है। वह ईमानदारी, मजबूती और बेहद सादगी के साथ लीड करती हैं। स्क्रीनिंग के दौरान उनसे मिलकर पुरानी यादें ताजा हो गईं। मुझे 'मर्दानी 2' का हिस्सा बनने पर बहुत गर्व महसूस होता है।' 'मर्दानी' फ्रेंचाइज और रानी की तारीफ करते हुए विशाल ने आगे कहा कि 'मर्दानी' और रानी मुखर्जी एक-दूसरे से अलग नहीं हैं। शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार को रानी मैम से बेहतर कोई निभा ही नहीं सकता था। मैंने 'मर्दानी 3' देखी और एक बार फिर उन्होंने साबित कर दिया कि वे रानी मुखर्जी क्यों हैं। मैं चाहता हूं कि 'मर्दानी 4' में मैं विलेन बनकर वापसी करूं।'

### शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में वापस आई रानी

अभिराज मीनावाला द्वारा निर्देशित 'मर्दानी 3' मर्दानी फ्रेंचाइज की तीसरी फिल्म है। इस फिल्म में जानकी बोडीवाला और मल्लिका प्रसाद भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म में रानी मुखर्जी एक बार फिर शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में नजर आई हैं। मल्लिका प्रसाद फिल्म में अम्मा के किरदार में नजर आई हैं। फिल्म लड़कियों की तस्करी जैसे गंभीर मुद्दे पर आधारित है।





# संघर्ष और सफलता दोनों का अपना मजा

**'लैला मजनू' जैसी जुनूनी प्रेम कहानी वाली फिल्म से अपना एक्टिंग करियर शुरू करने वाली तृप्ति डिमरी इन दिनों एक और इंटेंस लव स्टोरी 'ओ रोमियो' को लेकर सुर्खियों में हैं। तृप्ति इससे पहले गहरे इश्क वाली फिल्म 'धड़क 2' भी कर चुकी हैं, पर असल जिंदगी में वह जुनूनी नहीं, सच्चे प्यार में यकीन करती हैं। तृप्ति का कहना है, 'प्यार को लेकर हर किसी का अलग नजरिया होता है। हर कोई उसे अपने हिसाब से देखता है, लेकिन मैं बस सच्चे प्यार में यकीन करती हूं। जुनूनी- वुनूनी प्यार मुझे समझ में नहीं आता, पर सच्चे प्यार पर मुझे पूरा भरोसा है।'**

अपने करियर के शुरुआती दौर में तृप्ति ने तीन साल में तीन फिल्में की थीं, जबकि 'एनिमल' की सफलता के बाद उनके पास फिल्मों की झड़ी लगी हुई है। अकेले साल 2024 में वह 'बैड न्यूज', 'विकी विद्या का वो वाला विडियो' और 'भूल भुलैया 3' में नजर आईं। जबकि आने वाले दिनों में भी वह 'ओ रोमियो' के अलावा, 'स्पिरिट' और 'मां बहन' जैसी बड़ी फिल्मों में दिखेंगी। रिजेक्शन और इंतजार के लंबे दौर के बाद अब हर चौथी-पांचवीं फिल्म का ऑफर मिलने वाली इस सफलता के बारे में तृप्ति कहती हैं, 'मेरे लिए तो यह बहुत खुशी की बात है कि हर चौथी या पांचवीं फिल्म मेरे पास आ रही है। मैं तो चाहती हूं कि हर दूसरी फिल्म मेरे पास आए, क्योंकि मैंने काफी लंबा गैप भी देखा है।'

### पैरेंट्स को लगता था, पढ़ाई से बचने के लिए एक्टर बनना चाहती हैं तृप्ति डिमरी

तृप्ति डिमरी ने जब एक्टिंग में करियर बनाने का तय किया था, तब उनके पैरेंट्स काफी डरे हुए थे। वह उनके फैसले से ज्यादा खुश नहीं थे, लेकिन अब उनकी कामयाबी देखकर वे फूले नहीं समाते। उनकी सोच में आए बदलाव पर तृप्ति कहती हैं, 'निश्चित तौर पर अब वे बहुत खुश हैं और गर्व महसूस करते हैं। हालांकि, शुरुआत में भी उनकी जो सोच थी, जो डर था, उसके लिए मैं उन्हें गलत नहीं मानती, क्योंकि उनके लिए मुंबई एक बिल्कुल नया शहर था। वे किसी को जानते नहीं थे। ऐसे में, अपने बच्चे को यहां भेजना हर माता-पिता के लिए मुश्किल फैसला होता है। फिर, उनको यह भी नहीं पता था कि मुझे एक्टिंग से इतना प्यार है। उन्हें लगता था कि इसको पढ़ाई नहीं करनी है, इसलिए एक्टिंग में जाना चाहती है (हंसती हैं)। लेकिन अब उन्हें बहुत गर्व होता है। कई बार वे मेरे इंटरव्यू चला देते हैं, जिस पर मैं झेंप जाती हूं, मगर वे बहुत ही ज्यादा खुश हैं और मैं खुश हूं कि वे खुश हैं।'

### गहरे समंदर में छोड़ देते हैं विशाल सर

फिल्म 'ओ रोमियो' में तृप्ति डिमरी का किरदार काफी इंटेंस और लेयर वाला है। इसकी तैयारी के बारे में वह बताती है, 'इस किरदार को समझने में मुझे विशाल सर (डायरेक्टर विशाल भारद्वाज) से बहुत मदद मिली। हर फिल्म, हर किरदार के साथ हमारी एक जर्नी होती है, जहां उनको समझने के लिए आपको वक्त देना पड़ता है। कम से कम मेरा प्रॉसेस ऐसा है कि मैं जानना चाहती हूं कि वो किरदार कैसे सोचता है? अलग-अलग लोगों के साथ उसका बर्ताव कैसा है? उसके लिए मैंने अतुल मोंगिया सर के साथ काफी वर्कशॉप की। मेरे किरदार अफशां की चुनौतियां, परिस्थितियां आदि समझने की कोशिश की। उससे काफी कुछ सीखने को मिला। अगर मैं वो नहीं करती तो पहले दिन बहुत नर्वस होती। उसके अलावा, विशाल सर के साथ काम करना अपने में एक्टिंग वर्कशॉप है। वह कई बार आपको गहरे समंदर में छोड़ देते हैं। आपको लगेगा कि आपको सीन का सुर पता है पर फिर आपको पता चलेगा कि नहीं, यह तो कुछ अलग है।'

### संघर्ष के कारण सफलता की कीमत समझती हैं तृप्ति

तृप्ति आगे कहती हैं, 'मैं काफी पहले से एक्टर बनने की कोशिश कर रही थी, मगर जब मुझे मौका मिला तो अच्छे लोगों के साथ काम करने का मौका मिला। हालांकि, मैंने तब भी कभी ऐसा नहीं सोचा कि मैं असफल हूं। मैं तब भी बहुत खुश थी, जब ऑडिशन के लिए जाती थी। उसका अलग मजा था। आज जो चल रहा है, उसका अलग मजा है। सच कहूं तो अगर मैंने वो दिन नहीं देखे होते तो शायद मैं अपने करियर को उतना वैल्यू नहीं करती, जितना आज करती हूं।'

## बॉक्सिंग खिलाड़ियों का चयन ट्रायल कल

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निसं)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पंच गौरव योजना के तहत एक जिला एक खेल अभियान में जालोर जिले में बॉक्सिंग खेल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 21 फरवरी को शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम जालोर में बॉक्सिंग खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। जिला खेल अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र जालोर की ओर से आयोजित यह चयन ट्रायल स्टेडियम परिसर जालोर में सायं 4 बजे प्रारंभ होंगे। ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों की शारीरिक दक्षता व खेल कौशल का परीक्षण किया जाएगा। ट्रायल में जिले के विभिन्न ब्लॉकों के बालक व बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें जिला मुख्यालय पर अनुभवी प्रशिक्षक की ओर से नियमित व उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिससे वे आगामी राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व कर सकें। खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड अथवा जन्म प्रमाण पत्र की प्रति, पासपोर्ट साइज फोटो व आवश्यक खेल सामग्री साथ में लानी होगी। चयन वजन वर्ग के अनुसार किया जाएगा। जिले में बॉक्सिंग खेल को नई दिशा देने तथा उभरती प्रतिभाओं को सशक्त मंच प्रदान करने की दिशा में इस पहल को महत्वपूर्ण कदम मानते हुए उन्होंने इच्छुक व प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को 21 फरवरी को स्टेडियम परिसर जालोर में आयोजित बॉक्सिंग खेल के चयन ट्रायल में भाग लेने की अपील की हैं।

## सैपऊ में वक्फ संपत्ति पर अतिक्रमण की शिकायत पर निर्माण कार्य रुकवाया: विधानसभा में मंत्री सुमित गोदारा का जवाब

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने गुरुवार को विधानसभा में जानकारी देते हुए बताया कि वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होने पर जिला प्रशासन एवं वक्फ ट्रिब्यूनल द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। विधानसभा क्षेत्र बाड़ी की तहसील सैपऊ में वक्फ संपत्ति पर अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्माणाधीन कार्य को रुकवा दिया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र बाड़ी में वक्फ बोर्ड द्वारा पंजीकृत कुल 326 वक्फ संपत्तियों में से 25 संपत्तियों पर अतिक्रमण पाया गया है। इन संपत्तियों से संबंधित 74 प्रकरण वर्तमान में राजस्थान उच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं। वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों के निपटारे के लिए केंद्र सरकार द्वारा 'उम्मीद पोर्टल' भी प्रारंभ किया गया है। प्रश्नकाल के दौरान विधायक जसवंत सिंह गुर्जर द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए मंत्री ने बताया कि वक्फ बोर्ड अपनी संपत्तियों को किराये पर देकर एवं आमजन के सहयोग से आय अर्जित करता है। इससे पूर्व मूल प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र बाड़ी में तहसील बाड़ी एवं तहसील सैपऊ की पंजीकृत कुल 326 वक्फ संपत्तियों में से तहसील बाड़ी की 250 तथा तहसील सैपऊ की 65 वक्फ संपत्तियां राजस्थान राजपत्र में प्रकाशित हैं। वहीं तहसील बाड़ी की 10 एवं तहसील सैपऊ की एक वक्फ संपत्ति राजपत्र में प्रकाशन के पश्चात वक्फ अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत बतौर जदीद (नवीन) दर्ज की गई है। मंत्री ने तहसील बाड़ी एवं सैपऊ की वक्फ संपत्तियों के उपयोग एवं अतिक्रमण से संबंधित विस्तृत विवरण भी सदन के पटल पर रखा।

## एबीवीपी ने मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

### युवाओं को 'हिंदवी स्वराज्य' के आदर्शों पर चलने का दिया संदेश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर उनके जीवन, राष्ट्रभक्ति और 'हिंदवी स्वराज्य' के विचारों को स्मरण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिवाजी महाराज के आदर्शों का पालन करने व राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित संगोष्ठी में शिवाजी महाराज के 'हिंदवी स्वराज्य' की अवधारणा, राष्ट्र रक्षा में उनकी भूमिका, कुशल प्रशासनिक क्षमता, गुरिल्ला युद्ध



तकनीक तथा नौसेना निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा की गई। भाग संयोजक पतंजलि ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास के गौरवशाली पलों से परिचित कराना और शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। वहीं छात्रा रेनू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज एक महान मराठा योद्धा, कुशल रणनीतिकार व 'हिंदवी स्वराज्य' के संस्थापक थे। उनका जन्म 19 फरवरी 1630 को पुणे के शिवनेरी दुर्ग में हुआ था और उन्होंने कम उम्र में ही तोरण किला जीतकर मराठा साम्राज्य की नींव रखी। वर्ष 1674 में रायगढ़ में उनका राज्याभिषेक हुआ। इस अवसर पर पतंजलि, सुखवीर, अनिल, रामबृज, रेनू, साधना, सीता, शिवानी, सरिता कुशवाहा, तन्वी, सोनी, मनीषा, काजल व खुशबू सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे

## बदहाल व्यवस्थाओं पर शिवगंज में कांग्रेस का हल्लाबोल

### 10 दिन में सुधार नहीं हुआ तो जनआंदोलन की चेतावनी

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/शिवगंज(निस)।** शहर की चरमराई मूलभूत सुविधाओं को लेकर शिवगंज नगर कांग्रेस कमेटी ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष हनवंतसिंह मेड़तिया के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) को ज्ञापन सौंपते हुए 10 दिन के भीतर व्यवस्थाओं में सुधार करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समयावधि में हालात नहीं सुधरे तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर जनआंदोलन शुरू करेगी। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने शहर की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उनका आरोप है कि रिवरफ्रंट पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, शहर की कई सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे रात के समय अंधेरा छाया रहता है। इसके अलावा कई वार्डों में पेयजल संकट से लोग परेशान हैं और विकास कार्य अधूरे छोड़ दिए गए हैं। नेताओं का कहना है कि शहर की मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह चरमरा चुकी हैं, लेकिन पालिका प्रशासन 'सब ठीक है' कहकर अपनी जिम्मेदारी से बच रहा है। मामला उस समय और गरमा गया जब मीडिया द्वारा पालिका ईओ से व्यवस्थाओं को लेकर सवाल पूछे गए। सूत्रों के अनुसार ईओ ने पहले समस्याओं की जानकारी से इनकार किया, बाद में निरीक्षण करने की बात कही। बताया जा रहा है कि कैमरे के सामने वे असहज नजर आए और सवालों का सीधा जवाब देने से बचते दिखे। नगर कांग्रेस अध्यक्ष हनवंतसिंह मेड़तिया ने कहा कि शहरवासियों की समस्याएं वास्तविक हैं और प्रशासन को इन्हें गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि 10 दिन में सुधार नहीं किया गया तो चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# कानून व्यवस्था व सांप्रदायिक सौहार्द से मनाएं त्योहार: कलेक्टर

### जिला शांति समिति में सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश

### त्यौहारों से पूर्व जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा सांप्रदायिक सौहार्द व आपसी सद्भाव बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक स्तर पर समन्वय व संवाद कायम रखते हुए किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर ने विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने होली, रमजान, चेटीचंड, नवरात्रि, रामनवमी एवं ईद जैसे आगामी पर्वों के दौरान शांति, सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बनाए रखने की अपील की। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र के मौजीज व्यक्तियों व धर्मगुरुओं के साथ निरंतर संवाद स्थापित रखा जाए। सभी पुलिस थानों में नियमित रूप से सीएलजी व शांति समिति की बैठकें आयोजित कर संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की जाए। संदिग्ध व्यक्तियों, स्थानों तथा भ्रामक व साम्प्रदायिक तनाव भड़काने वाले तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए उनके विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए रात्रि 10 बजे के पश्चात तीव्र ध्वनि वाले डीजे पर पाबंदी लगाने तथा निर्धारित समय से पूर्व भी कम आवाज पर डीजे बजाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया की सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए कि भ्रामक, अफवाह फैलाने वाले अथवा उत्तेजक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भी अपील की गई कि वे आमजन को अफवाहों से सावधान रहने व सत्यापित जानकारी पर ही विश्वास करने के लिए जागरूक करें। उन्होंने होली के दौरान हुडदंग मचाने वाले लोगों पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पुलिस अधिकारियों को नाकाबंदी एवं गश्त व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य बाजारों, पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा अन्य भीड़भाड़ व संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात करने तथा संभावित तनावपूर्ण क्षेत्रों को चिन्हित कर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, पुलिस विभाग, नगर निगम, विद्युत विभाग, जन स्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग और चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को त्योहारों के दौरान अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन अतिरिक्त सतर्कता व समन्वय के साथ करने के निर्देश दिए गए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, अनुराग शर्मा, मुस्ताक अहमद, मतीन खान गौरी, गजेन्द्र सिंह परमार सहित अन्य धर्मगुरु उपस्थित रहे।

## घर की छत पर खड़ा 'ट्रक' बना आकर्षण का केंद्र

### एनएच-44 पर अनोखी रचनात्मकता देख रुक रहे राहगीर, सोशल मीडिया पर वायरल

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिले में इन दिनों एक अनोखा और हैरान कर देने वाला दृश्य लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। नेशनल हाईवे-44 पर टीम मोटर्स के सामने स्थित एक निजी मकान की छत पर वास्तविक ट्रक की आकृति में बनाया गया मॉडल राहगीरों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। पहली नजर में इसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो सचमुच कोई ट्रक घर की छत पर खड़ा हो। छत पर तैयार किए गए इस ट्रक पर बड़े अक्षरों में एसएलआर धौलपुर लिखा हुआ है, जो इसे और अधिक आकर्षक बना रहा है। हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों की नजर जैसे ही इस घर पर पड़ती है, वे कुछ पल के लिए रुककर इस अनोखे निर्माण को देखने लगते हैं। कई राहगीर इस दृश्य को अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं, जिससे यह फोटो और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। आकार, बनावट और रंग-रूप के कारण यह ट्रक पूरी तरह वास्तविक प्रतीत होता है, जिससे लोग पहले तो भ्रमित हो जाते हैं और बाद में इसकी रचनात्मकता की सराहना करते नजर आते हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर वर्ग के लोगों में इसे लेकर उत्सुकता बनी हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह निर्माण किसी व्यावसायिक प्रचार से अधिक कला और नवाचार का उदाहरण है। कई लोग इसे सेल्फी पॉइंट के रूप में भी उपयोग कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर यह तस्वीरें 'धौलपुर का अनोखा ट्रक ', 'छत पर खड़ा ट्रक' और SLR Dholpur जैसे कैप्शन के साथ खूब साझा की जा रही हैं। घर की छत पर बना यह ट्रक अब धौलपुर जिले में एक नए आकर्षण के रूप में उभर रहा है, जो न केवल लोगों को चौंका रहा है बल्कि जिले को सोशल मीडिया पर अलग पहचान भी दिला रहा है।

## आधी रात खूनी खेल: पत्नी, बेटी-बेटे समेत तीन की गला रेतकर हत्या, फिर खुद ही कंट्रोल रूम में किया फोन

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले के भीनमाल थाना क्षेत्र के दासपां गांव में बुधवार देर रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी पत्नी, 10 वर्षीय बेटी और 7 वर्षीय बेटे की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद ही पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। भीनमाल थानाधिकारी राजेंद्रसिंह राजपुरोहित के अनुसार दासपां निवासी मंगलाराम पुरोहित गांव के खेत में बने अपने घर में परिवार सहित रह रहा था। बुधवार रात को घर में सो रहे उसकी पत्नी दाड़मी देवी, बेटी नीकू (10) और बेटे हितेश (7) पर उसने धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मंगलाराम ने स्वयं पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर हत्या की जानकारी दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर आरोपी को तुरंत हिरासत में लिया। साथ ही एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि घटना से पहले आरोपी का पत्नी से विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि उसने पत्नी के बाल काटने का प्रयास किया और बाद में गुस्से में आकर पत्नी सहित दोनों मासूम बच्चों की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी के घर के पास ही उसके पिता पदमाराम पुरोहित व चाचा का परिवार भी रहता है, लेकिन घटना के समय आसपास के सभी लोग एक शादी समारोह में गए हुए थे। आरोपी का एक मूकबधिर बेटा भी परिजनों के साथ शादी में गया हुआ था, जिससे उसकी जान बच गई। घर में उस समय मंगलाराम, उसकी पत्नी, बेटी और छोटा बेटा ही मौजूद रहे। गुरुवार अलसुबह जब पुलिस की गाड़ी गांव पहुंची तब आसपास के लोगों को इस सनसनीखेज वारदात का पता चला, जिसके बाद गांव में शोक और दहशत का माहौल फैल गया।

### चार भाइयों में अकेला शादीशुदा था मंगलाराम:

आरोपी के पिता पदमाराम पुरोहित ने बताया कि उनके चार बेटे हैं, जिनमें मंगलाराम सबसे बड़ा है और चारों में वही अकेला शादीशुदा था। उसकी शादी आटा-साटा प्रथा के तहत हुई थी। मंगलाराम के तीन बेटे हैं, जिनमें बड़ा बेटा दूसरे राज्य में मजदूरी करता है और उसी की कमाई से घर का खर्च चलता था। परिजनों के अनुसार मंगलाराम कुछ समय से मानसिक रूप से असामान्य व्यवहार कर रहा था और सनकी हरकतें करने लगा था। बुधवार को दिन में उसने अपने बालों में कलर भी करवाया था, लेकिन रात होते-होते उसने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दे दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## वित्तीय समावेशन अभियान का शुभारंभ व जागरूकता कार्यशाला आयोजित



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बसेड़ी ब्लॉक में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय समावेशन अभियान शुभारंभ व जागरूकता कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। यह कार्यक्रम नीति आयोग की परिकल्पना के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण व वंचित वर्गों तक वित्तीय सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना तथा प्रत्येक पात्र नागरिक को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ना है। कार्यक्रम में वित्तीय समावेशन अभियान के पोस्टर का औपचारिक विमोचन उपखंड अधिकारी बसेड़ी सुरेन्द्र प्रसाद ने किया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय के उप प्रतिनिधि व वित्तीय साक्षरता केंद्र के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में ग्राम डाक सेवक, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, बैंक मित्र, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और खंड विकास अधिकारी रामजी लाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रतिभागियों को बचत, बीमा, पेंशन योजनाएँ, साइबर सिक्योरिटी, सुरक्षित लेन-देन व विभिन्न जनकल्याणकारी वित्तीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डेवलपमेंट पार्टनर माइक्रोसेविंग कंसल्टेंसी के प्रतिनिधि गौरव त्रिवेदी ने किया। साथ ही दिनेश पूरी ने साइबर सिक्योरिटी की जानकारी दी। आकांक्षी ब्लॉक फेलो अंकिता, अरफात तथा राजीविका के बीपीएम दिनेश लोढ़ा तथा क्रिसिल फाउंडेशन के वित्तीय सलाहकार ने भी कार्यक्रम में सहभागिता दी। इस अवसर पर बताया कि वित्तीय समावेशन अभियान आगामी 20 फरवरी से 10 मार्च तक ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित कर पात्र परिवारों को बैंकिंग सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं व वित्तीय साक्षरता से जोड़ा जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे सुरक्षित बचत व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम का समापन वित्तीय समावेशन को जन-आंदोलन का रूप देने तथा बसेड़ी ब्लॉक को इस क्षेत्र में आदर्श बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

## औचक निरीक्षण में 11 आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंद मिले

### सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीणा ने दिए कार्रवाई के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता व समयबद्ध संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार सुबह जिला स्वास्थ्य प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा के नेतृत्व में अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. गौरव मीणा, जिला प्रजनन व शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी शशांक वशिष्ठ सहित अधिकारियों की टीम ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के 16 चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 11 आयुष्मान आरोग्य मंदिर निर्धारित समय पर बंद पाए गए। कई केंद्रों पर ताले लगे मिले, कुछ स्थानों पर स्टाफ अनुपस्थित था, जबकि कहीं साफ-सफाई व रिकॉर्ड संधारण में गंभीर लापरवाही सामने आई। इस पर सीएमएचओ डॉ. मीणा ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दवाओं की उपलब्धता, प्रसूति सेवाएं, टीकाकरण कार्यक्रम, रोगी पंजीयन रजिस्टर, राज्य एवं केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का क्रियान्वयन, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सीएमएचओ ने बताया कि सुरोठी, अलीगढ़, पिदावली, जपावली, सौंहा, मडोना, निजामपुर, सिंगोरई, मतसूरा, खानपुर गुर्जर व नकसौदा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर निरीक्षण के दौरान बंद मिले। बंद पाए गए सभी केंद्रों के प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है तथा संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों व कार्मिकों को समयपालन सुनिश्चित करने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रखने की बात कही, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही व गुणवत्ता बनी रहे।


# 25 दिन से दीवार में 'दफन' बिजली पोल बना मौत का खतरा

### शिकायतों के बाद भी नहीं हिला खंभा

### विभाग-पंचायत की खींचतान से भड़के ग्रामीण

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** कस्बे की रावला गली में खड़ा करीब 35 साल पुराना बिजली का खंभा अब ग्रामीणों के लिए हादसे की आशंका बन गया है। दीवार में चुनाई कर दफन किए गए इस पोल को हटाने के लिए ग्रामीणों की ओर से की गई शिकायतों को 25 दिन से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक न तो इसे हटाया गया और न ही कोई ठोस कार्रवाई सामने आई है। विभागीय उदासीनता और पंचायत-विद्युत विभाग के बीच जिम्मेदारी की खींचतान से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई तकनीकी टीम मौके पर नहीं पहुंची है। संबंधित व्यक्ति के खिलाफ न कोई दंडात्मक कार्रवाई की गई और न ही जारी नोटिस पर कोई सार्वजनिक जवाब सामने आया है। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन और जांच का भरोसा दिया जा रहा है।

### सुरक्षा मानकों की खुली अनदेखी:

रावला गली में दीवार के भीतर जकड़ा यह बिजली का खंभा अब सुरक्षा मानकों की अनदेखी का उदाहरण बन चुका है। तकनीकी जानकारों के अनुसार किसी भी बिजली पोल के चारों ओर खुला व सुरक्षित क्षेत्र होना आवश्यक होता है, ताकि मरम्मत और आपातकालीन स्थिति में पहुंच आसान रहे। दीवार में दबे खंभे के कारण नमी या शॉर्ट सर्किट की स्थिति में करंट फैलने का खतरा बना रहता है, जो कभी भी जानलेवा साबित हो सकता है।

### जिम्मेदारी पर 'पासिंग गेम':

मामले में सबसे गंभीर पहलू विभागीय जिम्मेदारी को लेकर जारी असमंजस है। सूत्रों के अनुसार विद्युत विभाग इसे पंचायत क्षेत्र का मामला बता रहा है, जबकि पंचायत प्रशासन इसे तकनीकी विषय कहकर विद्युत विभाग के पाले में डाल रहा है। इस 'पासिंग गेम' के चलते करीब एक महीने का समय निकल चुका है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

### आंदोलन की चेतावनी:

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे जिला स्तर पर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेंगे और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन का रास्ता भी अपनाएंगे। उनका कहना है कि यह सिर्फ एक खंभे का मुद्दा नहीं, बल्कि जनसुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है। करीब एक महीने से पोल नहीं हटाया जाना कई सवाल खड़े कर रहा है–क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? क्या नियमों का पालन केवल आम नागरिकों के लिए ही है? फिलहाल रावला गली में खड़ा यह खंभा न केवल खतरे का प्रतीक बना हुआ है, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही पर भी सवाल खड़े कर रहा है।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
20 फरवरी, 2026


## गांवो में चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत करने की अपील

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल ने विधनसभा में बोलते हुए सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिक स्तर पर मजबूत करने पर बल दिया है। विधायक मेघवाल ने विधानसभा में बोलते हुए कहा कि प्राथमिक स्तर पर मजबूत इन्फ्रांसट्रक्चर की आवश्यकता है, ताकि बड़े अस्पतालों पर दबाव कम हो और लोगों को प्राथमिक स्तर पर अच्छे उपचार मिल सके। उन्होंने बजट में चिकित्सा सेवाओं की उपेक्षा के आरोप लगाते हुए कहा कि बहुत ही कम सब सेंटर्स को क्रमोन्नत किया गया है, जबकि सुजानगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में काफी सारे सब सेंटर्स को क्रमोन्नत किए जाने की आवश्यकता है। मेघवाल ने सोनोग्राफी की समस्या का बगड़िया अस्पताल में समाधान करवाने की मांग भी की। इसी प्रकार सारोठिया, मूंधड़ा आदि गांवो में चिकित्सकों के पद भरे जाने की मांग भी की गई।


## महापंचायत को लेकर गांवो में जनसंपर्क अभियान जारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** किसान व आमजन की विभिन्न समस्याओं किसानों का बकाया बीमा क्लेम, एमएसपी गारंटी कानून बनाने, बिजली स्मार्ट मीटर योजना को बंद करने, सुजानगढ़ को जिला बनाने, किसानों के खेतों की हो रही पेमाईश में त्रुटि को सही करने, सुजानगढ़ शहर में हो रही चोरियों व नशे पर अंकुश लगाने, सुजानगढ़ शहर में गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था करने, प्राइवेट फाइनेंस कंपनियों की लूट पर रोक लगाने व आरबीआई गाइडलाइन के अनुसार ब्याज लिया जाने, आदि 23 सूत्री मांगों को लेकर 27 फरवरी को किसान महापंचायत उपखंड कार्यालय सुजानगढ़ के सामने आयोजित होगी। महापंचायत में ज्यादा से ज्यादा संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए गांव गनोड़ा, बिलंगा, लिखमीसर, मून्धंडा, जिली, मंगरासर, कानोता, बाघसरा, करेजड़ा, भाषिना, कोडासर, सारंगसर, लुहारा, उडवाला, पारेवड़ा आदि गांव में किसान सभा अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, किसान सभा सचिव कामरेड रामनारायण रूलानिया, डीवाईएफआई अध्यक्ष दीनदयाल गुलेरिया, एसएफआई जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश डुडी, सागर मेघवाल, हेमंत ढाका, लियाकत खान, जयराम टांडी आदि ने जनसंपर्क कर अखिल भारतीय किसान सभा की ग्राम कमेटिया गठित की और जिम्मेदारी दी गई। रामनारायण रूलाणिया ने बताया कि 26 फरवरी तक जनसंपर्क अभियान जारी रहेगा। 27 फरवरी को होने वाली महापंचायत को सीकर के सांसद कॉमरेड अमराराम सहित अनेक किसान नेता सम्बोधित करेंगे।

## पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने जनसुनवाई में अधिकारियों को दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे आमजन की विभिन्न समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान महर्षि ने कहा कि मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का सहज और समयबद्ध निराकरण होना आवश्यक है। किसी भी समस्या को लंबित रखना विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न करने के समान है। उन्होंने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार एवं केंद्र सरकार की ओर से प्रस्तुत बजट आमजन को राहत पहुंचाने वाला है और सुशासन के चलते आधारभूत आवश्यकताओं से संबंधित समस्याओं का भी यथोचित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। जनसुनवाई में विद्युत पोल शिफ्टिंग, आपणी योजना के तहत जल कनेक्शन, ढीले पड़े विद्युत तारों को कसवाने, नई सड़क निर्माण सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। इस पर महर्षि ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## खेत में नीम के पेड़ से फंदा लगाकर युवक ने दी जान




जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के वार्ड संख्या 12 निवासी 25 वर्षीय युवक ने अपने ही खेत में नीम के पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक के बड़े भाई 35 वर्षीय भैराराम मेघवाल ने थाने में रिपोर्ट दी है कि उसका छोटा भाई हेमराज पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान था और शराब का आदी था। इसी के चलते उसने अपने खेत में नीम के पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने भैराराम की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रकरण की जांच थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार कर रहे हैं।

## आयुर्वेद शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित जीवन पद्धति :सुराणा

### जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने अंतरंग क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का किया निरीक्षण

### चिकित्सा अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर प्रतिभा नगर स्थित राजकीय एकीकृत जिला आयुष चिकित्सालय में चल रहे 10 दिवसीय अंतरंग क्षारसुत्र शल्य चिकित्सा शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को समुचित निर्देश देते हुए कहा कि आयुर्वेद केवल रोग उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित एक समग्र जीवन पद्धति है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में वैज्ञानिक आधारों के माध्यम से रोगों की रोकथाम व उपचार किया जाता है। उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिले। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति विश्व की सबसे प्राचीन व लाभकारी चिकित्सा प्रणालियों में से एक है। इसलिए विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न उपचार पद्धतियों व सुविधाओं के बारे में आमजन को अधिक से अधिक जागरूक करें, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग की योजनाओं और उपचार पद्धतियों का व्यापक प्रचार -प्रसार कर आमजन को लाभान्वित करें। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने महिला- पुरूष वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, पंचकर्म इकाई व ओपीडी काउंटर का निरीक्षण किया। शिविर के दौरान राजगढ़ के लाभार्थी राजेश से जिला कलक्टर ने शिविर की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह ने बताया कि शिविर 20 फरवरी तक चलेगा तथा आमजन को आयुष पद्धति से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर में क्षार सूत्र विधि से पाइल्स (अर्श), भगन्दर सहित मलद्वार के रोगों का शल्य चिकित्सा की ओर से निशुल्क इलाज किया जा रहा है तथा भोजन व आवास की व्यवस्था भी नि शुल्क है। इसी के साथ शिविर में अन्य रोगों के भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से परामर्श दिया जा रहा है और आमजन को पंचकर्म, अग्निकर्म, स्त्री रोग तथा सामान्य चिकित्सा से भी लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर शिविर प्रभारी डॉ. मनीराम शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश चॉयल, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. रामकृष्ण शर्मा सहित अनेक चिकित्साधिकारी व स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

## राठौड़ ने किया महाराणा प्रताप वीर शिरोमणी प्रेरणा स्थल का शिलान्यास

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** शहर के निकटवर्ती कस्बे रतननगर में पावर हाउस के सामने महारणा प्रताप वीर शिरोमणी प्रेरणा स्थल का शिलान्यास गुरूवार को महाराणा प्रताप विकास समिति के संरक्षक भंवरलाल संपत देवी के पुत्र बसंत हीरावत व अभय हीरावत के आर्थिक सौजन्य से समारोह पूर्वक किया गया। इस दौरान पं. राजकुमार शर्मा ने वैदिक मंत्रौच्चार से विधिवत् पूजा-अर्चना करवाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ रहे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कलेक्टर अभिषेक सुराणा व उप वन संरक्षक भवानीसिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराणा प्रताप विकास समिति के अध्यक्ष कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड़ ने की। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि हीरावत परिवार अपनी कमाई में से देश के महान सपूतों की यादगार में इस स्मारक का निर्माण करवा रहे हैं। इस स्थल के निर्माण से रतननगर वासियों को अत्यधिक लाभ मिलेगा। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि इस प्रकार के पुनित कार्य से आमजन में जुड़ाव होगा, इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर बसंत हीरावत ने हनुवंतपुरा से मेघसर तक सड़क का नाम महाराणा प्रताप मार्ग करने का प्रस्ताव रखा। समिति अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि इसमें वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति, दोनों ओर राजस्थान के लोक देवता गोगाजी महाराज, पाबूजी, बाबा रामदेव, तेजाजी, मीराबाई, वीर दुर्गादास राठौड़, महाराणा सूरजमल व पन्नाधाय की मूर्तियां आकर्षक का केन्द्र होगी। डॉ. केसी. सोनी ने रतननगर और थैलासर के इतिहास की जानकारी दी। इस अवसर पर पवन यादव व पूर्व पालिकाध्यक्ष गोविन्द प्रसाद शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन संपत तंवर ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कस्बें के लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व सैनिकों का कार्यक्रम अब 8 मार्च को


जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं, सैनिक आश्रितों आदि को लेकर चूरू के स्टेडियम में 22 फरवरी को होने वाली रैली अब 8 मार्च को होगी। पूर्व सैनिक सुजानगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष श्यामलाल गोयल ने बताया कि 8 मार्च को होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से वीर नारी और गलेंट्री अवार्ड विजेताओं का सम्मान किया जाएगा। इसी प्रकार जरूरतमंदों को व्हील चैयर, ई स्कूटी, हियरिंग एड आदि उपकरण भी प्रदान किए जाएगे। शामिल होने वालों से आयोजन प्रभारी बीकानेर बी वी राव के पास रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की गई है।

## रंग, भक्ति और समरसता के संग श्याम धाम में सजा भव्य फागोत्सव

### किन्नर समाज का सम्मान

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** यूनिख सखियां ग्रुप की ओर से बुधवार दोपहर लक्ष्मणगढ़ स्थित प्राचीन श्याम मंदिर में रंग, भक्ति और उल्लास से सराबोर भव्य फागोत्सव का आयोजन किया गया। गुलाल और पुष्प वर्षा के बीच श्रद्धालुओं ने श्याम संग होली खेली, जिससे मंदिर परिसर भक्तिरस में डूब गया। राजस्थान ब्राह्मण महासभा लक्ष्मणगढ़ महिला मोर्चा अध्यक्ष नीतू ढ़ण्ढ़ के नेतृत्व में आयोजित इस आयोजन ने सामाजिक समरसता और धार्मिक उत्साह का सुंदर संदेश दिया। फागोत्सव का मुख्य आकर्षण लक्ष्मणगढ़ किन्नर समाज के अखाड़े के सभी किन्नरों का सम्मान रहा। इस अवसर पर किन्नर सारिका ने उपस्थित श्याम प्रेमियों को आशीर्वाद स्वरूप सौ-सौ रुपए भेंट कर सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम में अलका शर्मा, सोनू सोमानी, कुसुम पुजारी व विनिता शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। राधा- कृष्ण की मनोहारी सजीव प्रस्तुति श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही, वहीं भजन गायिका कुसुम नीलिमा ने अपने मधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की सफलता में प्राचीन श्याम मंदिर के पुजारी रवि पुजारी का सहयोग सराहनीय रहा। फागोत्सव के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने भक्ति, प्रेम और भाईचारे के रंगों में सराबोर होकर श्याम बाबा के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। इस अवसर पर नीतू ढ़ण्ढ़, सीमा शर्मा, इंदू शर्मा, शारदा शर्मा, सुनीता सैन, सुनीता वर्मा, सुमन सैन, मधु मिश्रा, सुनीता पारीक, कंचन पारीक, अंजु पारीक, श्वेता जोशी, सुमन पुरोहित, सुमन पासोरिया, दीपशिखा अय्यर, सरिता शर्मा, कोमल जाँगिड़ सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।

## आठवीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कक्षा आठवीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। इसको लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। परीक्षा केंद्रो पर जो बच्चे चिंता के साथ परीक्षा देने गए थे, वापस जब परीक्षा केंद्रो से बाहर निकले तो उनके चेहरे खिले हुए नजर आए। परीक्षार्थी बच्चों ने बताया कि अंग्रेजी विषय का पेपर था और पहले की विषय का पेपर आसान रहा है। जिसके चलते हम लोगों में खुशी है। दोपहर की पारी में इस परीक्षा का आयोजन किया गया।

## खाटू श्याम निशान यात्रा निकाली, नागरिकों ने किया स्वागत

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** श्रीश्याम सेवा समिति, मण्डावा की ओर से कस्बे में गुरुवार को खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा खेमाणीयों के कुएं के निकट राजेश सैन के निजी आवास से शुरू हुई। यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए सुभाष चौक और मुकुन्दगढ मार्ग स्थित सियारामजी की बगीची तक पहुंची जहां भव्य स्वागत किया गया। निशान यात्रा में सैकड़ो महिला - पुरुष श्रद्धालुओं ने हाथों में श्याम का ध्वज लेकर भजन - कीर्तन करते हुए कस्बे का भ्रमण किया। श्रद्धालु डीजे साउण्ड , ढोल - नगाड़ो की धुन पर नाचते - गाते नजर आए , जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कस्बे के विभिन्न चौक - चौराहों पर यात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। भामाशाह गोपाल केड़िया ने बताया कि मुकुन्दगढ़ मार्ग स्थित शीतलदास आश्रम में श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार व पेयजल की व्यवस्था भी की गई। यात्रा के दौरान इत्र वर्षा और आकर्षक आतिशबाजी ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्याम ध्वज लेकर पदयात्रा में शामिल हुए। नगरवासियों ने भावपूर्ण तरीके से यात्रियों का स्वागत किया। राहगीर भी बाबा की एक झलक पाने के लिए उत्सुक दिखे। इस यात्रा में नगर की सैकड़ों महिलाएं और युवा श्रद्धालु लाल-पीले ध्वज लेकर श्याम गुणगान करते हुए चल रहे थे। यात्रा में श्री श्याम जी की आकर्षक झांकी भी शामिल थी। महिलाएं रंगीन परिधानों में सजी हुई निशान लेकर चल रही थीं। मान्यता है कि श्री श्याम बाबा के महा बलिदान और शीशदान के सम्मान में निशान चढ़ाया जाता है। यह उनकी विजय का प्रतीक है। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए भगवान श्री कृष्ण को अपना शीश दान कर दिया था। भामाशाह गोपाल केड़िया ने बताया कि निशान यात्रा में सैकड़ो महिला - पुरुष श्रद्धालुओं ने हाथों में श्याम का ध्वज लेकर भजन -कीर्तन करते हुए कस्बे का भ्रमण किया। श्रद्धालु डीजे साउण्ड , ढोल - नगाड़ो की धुन पर नाचते - गाते नजर आए , जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कस्बे के विभिन्न चौक - चौराहों पर यात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। भामाशाह गोपाल केड़िया ने बताया कि मुकुन्दगढ़ मार्ग स्थित शीतलदास आश्रम में श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार व पेयजल की व्यवस्था भी की गई। यात्रा के दौरान इत्र वर्षा और आकर्षक आतिशबाजी ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। निशान यात्रा में भामाशाह गोपाल केड़िया, सेठ शिवचरण गाड़िया शीशराम,अरुण देवड़ा राजेश रणजीरोत,पूर्व पार्षद मधु जोशी, विकास शर्मा, बलवीर सिंह धायल, राजेश नाई श्याम सुंदर केडिया, निशांत देवांग, मनीष, राजू कुमावत दीपक खाण्डल, बीएल गाड़ोदिया, चौथमल शर्मा सहित सैकडों श्रद्धालु शामिल रहे।

## नशामुक्ति के लिए जागृति कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय काला बाल मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता अभियान व नशीली दवाओं को रोकने के प्रति जागरूकता और स्वास्थ्य मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएलवी मयंक त्रिवेदी ने कहा कि युवा हमारे देश की रीढ़ की हड्डी होती है और जब यह गलत दिशा में जाते हैं, तो केवल समाज को ही नहीं पूरे देश को इसका युगों युगांतर तक नुकसान उठाना पड़ता है। बच्चों को छत्रपति शिवाजी की प्रेरक कहानी सुनाकर बच्चों के मन में आत्मविश्वास बढ़ाया। इसी प्रकार स्पेशल अवेयरनेस प्रोग्राम ओन प्रिजनर्स राइट्स के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान प्रधानाचार्य अनिल कुमार सैनिक, शिवशरण, उप प्रधानाचार्य अर्चना सैनी, मीनाक्षी सोनी सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## पानी की डिग्गी में डूबने से व्यक्ति की मौत

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** खेत मे बनी पानी की डिग्गी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। एएसआई हेमराज ने बताया कि गुरुवार को गांव आबड़सर निवासी नन्दसिंह ने रिपोर्ट दी कि उनका पुत्र छैलूसिंह (47) खेत में कृषि का कार्य कर रहा था। फसल में पानी देने के लिए खेत मे बनी पानी की डिग्गी में पानी देखने के दौरान पैर फिसलने से छैलूसिंह डिग्गी में गिर गया। जिसकी पानी मे डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक छैलूसिंह के पिता की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## कुंड से पानी निकालते समय से डूबने से 28 वर्षीय युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** रतनगढ़ के गांव कनवारी में शौच के लिए कुंड से पानी निकालते समय पैर फिसलने से 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक के पिता की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि रतनगढ़ के गांव कनवारी निवासी 60 वर्षीय सीताराम मेघवाल में रिपोर्ट दी है कि उसका 28 वर्षीय पुत्र महेंद्र रोज की तरह गुरुवार को खेत गया था। इसी दौरान उसे सूचना मिली कि एक बाइक खड़ी है और पायतन में जूते पड़े हैं और कुंड खुला है। कुंड पर एक खाली बोतल भी पड़ी थी। सीताराम ने रिपोर्ट में लिखा है कि उसका पुत्र खेत में शौच जाने के लिए पानी निकाल रहा था और उसका पैर फिसल जाने से वह कुंड में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लाश पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दी है। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर रतनलाल कर रहे हैं।

## नशामुक्ति के लिए जागृति कार्यक्रम का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय काला बाल मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता अभियान व नशीली दवाओं को रोकने के प्रति जागरूकता और स्वास्थ्य मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएलवी मयंक त्रिवेदी ने कहा कि युवा हमारे देश की रीढ़ की हड्डी होती है और जब यह गलत दिशा में जाते हैं, तो केवल समाज को ही नहीं पूरे देश को इसका युगों युगांतर तक नुकसान उठाना पड़ता है। बच्चों को छत्रपति शिवाजी की प्रेरक कहानी सुनाकर बच्चों के मन में आत्मविश्वास बढ़ाया। इसी प्रकार स्पेशल अवेयरनेस प्रोग्राम ओन प्रिजनर्स राइट्स के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान प्रधानाचार्य अनिल कुमार सैनिक, शिवशरण, उप प्रधानाचार्य अर्चना सैनी, मीनाक्षी सोनी सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## बुजुर्ग दिव्यांग को एक साल से नहीं मिल रही सामाजिक सुरक्षा पेंशन

### आवेदन के बाद भी नगरपरिषद के चक्कर काटने को मजबूर



**चूरू(निस)।** शहर के वार्ड नंबर 2 स्थित गुसाईयों की छत्तरी के पास रहने वाले 61 वर्षीय दिव्यांग अहमद अली खान को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए पिछले एक वर्ष से भटकना पड़ रहा है। नगरपरिषद चूरू में आवेदन करने के बावजूद अब तक उन्हें पेंशन का लाभ नहीं मिल पाया है, जिससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। अहमद अली खान ने बताया कि उन्होंने ई-मित्र के माध्यम से दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाकर करीब एक वर्ष पूर्व सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए नगरपरिषद में आवेदन किया था। लंबे समय तक कोई जवाब नहीं मिलने पर जब वे पुनः नगरपरिषद पहुंचे तो वहां मौजूद कार्मिकों ने आवेदन में कुछ कमियां बताई, जिन्हें उन्होंने दो माह पूर्व ही पूरा कर दिया। इसके बावजूद अब तक उनकी पेंशन शुरू नहीं हो सकी है। उनका कहना है कि यदि समय पर पेंशन मिल जाती तो उन्हें आर्थिक रूप से कुछ राहत मिलती। लेकिन बार-बार नगरपरिषद के चक्कर लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जानकारी के अनुसार चूरू जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़े ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जहां पात्र लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में जिम्मेदारी तय करने की मांग भी उठने लगी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर पात्र दिव्यांग को पेंशन का लाभ दिलाने की मांग की है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।